■ माघ शुक्ल - 4 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 171 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 15-01-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 लोकसभा चुनाव में भाजपा जीत सकती है 450 से अधिक सीट : माणिक साहा


6 गंगासागर में होता है गंगा का सागर से मिलन

7 चीन की तुलना में नेपाल का भारत के साथ संबंध अधिक प्रगाढ़ : बिमलेन्द्र









दक्षिण भारत राष्ट्रमत की ओर से मकर संक्रांति और पोंगल की शुभकामनाएं

**सूचना**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत** के कार्यालय में मकर संक्राति/पोंगल के अवसर पर 15 जनवरी को सम्पूर्ण अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 17 जनवरी को प्रकाशित होगा। - व्यवस्थापक

## फर्स्ट टेक

### पश्चिमी अफगानिस्तान में आत्मघाती हमलावर ने गवर्नर कार्यालय को निशाना बनाया

**इस्लामाबाद/एपी।** तालिबान के एक अधिकारी ने कहा कि एक आत्मघाती हमलावर ने रविवार को पश्चिमी अफगानिस्तान में प्रांतीय गवर्नर के कार्यालय को निशाना बनाया, जिसमें तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। तालिबान के गृह मंत्री के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि निमरोज़ प्रांत की राजधानी जरांज में गवर्नर कार्यालय परिसर में घुसने की कोशिश के दौरान सुरक्षाकर्मियों द्वारा गोली चलाए जाने पर हमलावर ने अपनी आत्मघाती जैकेट में विस्फोट कर दिया। अभी किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह से जुड़े आतंकी संगठनों ने नए साल की शुरुआत से राजधानी काबुल के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों में हमले बढ़ा दिए हैं। आईएस समूह ने स्कूलों, अस्पतालों और मस्जिदों पर बड़े हमले किए हैं, तथा पिछले कुछ वर्षों में देश भर में शियाओं पर भी हमले किए हैं।

| 15-01-2024 सूर्यास्त | 16-01-2024 सूर्योदय |
|---|---|
| 6:12 बजे | 6:45 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 72,568.45 | 21,894.55 |
| (+847.27) | (+247.35) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,571 रु. | 73,894 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### बदली हवा

दिनकर ने मकर राशि थामी,
संक्रांति काल का हुआ घोष।
मौसम ने ली करवट फिर से,
शारद का घटने लगा कोष।
उड़ चली पतंगें नभ छूने,
फागुन को आने लगा होश।
अब दिशा बदलने लगी हवा,
कफ जनित मिटेंगे व्याधि दोष।।

# 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को प्रतिबिंबित करता है पोंगल : मोदी

■ जब देश का हर कोना एक-दूसरे के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ता है, तो देश की ताकत एक नए रूप में दिखाई देती है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पोंगल 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की राष्ट्रीय भावना को प्रतिबिंबित करता है और यही भावनात्मक जुड़ाव काशी-तमिल संगमम् और सौराष्ट्र-तमिल संगमम् में भी देखने को मिला।

केंद्रीय मंत्री एल.मुरुगन के राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास पर आयोजित पोंगल समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के हर घर में उत्सव का उत्साह देखा जा रहा और सभी लोगों के जीवन में खुशी, समृद्धि और संतुष्टि की कामना की।



प्रधानमंत्री ने 'कोलम' (रंगोली) के साथ भारत की विविधता की समानता बताते हुए कहा कि जब देश का हर कोना एक-दूसरे के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ता है, तो देश की ताकत एक नए रूप में दिखाई देती है। मोदी ने कहा, पोंगल का त्योहार एक भारत श्रेष्ठ भारत की राष्ट्रीय भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह भी कहा कि काशी-तमिल संगमम् और सौराष्ट्र-तमिल संगमम् द्वारा शुरू की गई परंपरा में यही भावना देखी गई, जिसमें बड़ी संख्या में तमिल समुदाय के लोगों की उत्साही भागीदारी दर्ज की गई।

प्रधानमंत्री ने कहा, एकता की यही भावना 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए सबसे बड़ी ताकत है। मैंने लाल किले से जिस पंच प्रण का आह्वान किया था, उसका मुख्य तत्व देश की एकता को ऊर्जा देना और एकता को मजबूत करना है।

प्रधानमंत्री ने संत कवि तिरुवल्लूर का उद्धत करते हुए राष्ट्र निर्माण में शिक्षित नागरिकों, ईमानदार कारोबारियों और अच्छी फसल के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पोंगल के दौरान नई फसल को भगवान को समर्पित किया जाता है और इस उत्सव के केंद्र में 'अन्नदाता किसान' होते हैं।

**गौ-सेवा**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली में मकर संक्रांति के अवसर पर अपने आवास पर गायों को खाना खिलाया।



# राहुल ने शुरू की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा', बोले : देश में हो रहा है भारी अन्याय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंफ़ाल/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को मणिपुर से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की जिसके जरिये पार्टी का प्रयास होगा कि लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को विमर्श के केंद्रबिंदु में लाए जाए।

इंफाल के बोथल से बस के जरिये यात्रा शुरू करने से पहले राहुल गांधी ने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाली जा रही है क्योंकि देशवासी भारी अन्याय का सामना कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे भविष्य का दृष्टिकोण पेश करना है जो सद्भावना, समान भागीदारी और भाईचारे से भरा हो।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यात्रा शुरू करने से पहले खोंगजोम युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

राहुल गांधी ने कहा, 2004 से राजनीति में हूं। पहली बार हिंदुस्तान के एक प्रदेश गया हूं जहां पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। जिसे आप मणिपुर कहते थे, वो अब रहा ही नहीं। उन्होंने दावा किया, देश के प्रधानमंत्री आज तक यहां लोगों के आंसू पोंछने, हाथ पकड़ने नहीं आए। शायद भाजपा, आरएसएस के लिए मणिपुर देश का हिस्सा नहीं है।

## इंडोनेशिया के माउंट मरापी जवालामुखी में फिर विस्फोट

**अगम (इंडोनेशिया)/एपी।** इंडोनेशिया के माउंट मरापी ज्वालामुखी में रविवार को फिर से विस्फोट हो गया, जिससे हवा में दूर-दूर तक धुआं और राख फैल गई। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वेस्ट सुमात्रा प्रांत में 'द मरापी वॉल्केनो ऑब्जरवेशन पोस्ट' ने विस्फोट के दौरान लगभग 1,300 मीटर ऊंचाई तक राख का गुबार दर्ज किया और उसके बाद मानो राख की बारिश होने लगी हो। आसपास के गांवों की सड़कें और वाहन राख से अट गए। इंडोनेशियाई अधिकारियों द्वारा बुधवार को चेतावनी जारी कर कहा गया था कि ज्वालामुखी का स्तर दो से तीन या दूसरे उच्चतम स्तर तक बढ़ाने की आशंका है, जिसके बाद शुक्रवार को आसपास के इलाकों से कम से कम 100 लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। मरापी ज्वालामुखी में अचानक इस तरह के विस्फोट होते रहते हैं। चूंकि ऐसा मैग्मा की हलचल के कारण नहीं होता, इसीलिए विस्फोट के बारे में पूर्वानुमान लगाना कठिन होता है।

**मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्ज़ू ने कहा**

# भारत 15 मार्च तक मालदीव से अपने सैनिकों को हटाए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**माले/भाषा।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्ज़ू ने भारत से कहा कि वह उनके देश में तैनात अपने सैन्यकर्मियों को 15 मार्च तक हटा ले। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।



माले की ओर से भारतीय सैनिकों को हटाने की मांग किए जाने के दो महीने बाद राष्ट्रपति ने यह समय सीमा तय की है।

नवीनतम सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मालदीव में 88 भारतीय सैन्यकर्मी हैं। 'सनऑनलाइन' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति कार्यालय में सार्वजनिक नीति सचिव अब्दुल्ला नाजिम इब्राहिम ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि राष्ट्रपति मुइज्ज़ू ने औपचारिक रूप से भारत से कहा है कि वह 15 मार्च तक अपने सैन्यकर्मियों को वापस बुला ले। उन्होंने कहा, भारतीय सैन्यकर्मी मालदीव में नहीं रह सकते। यह राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्ज़ू और इस प्रशासन की नीति है।

मालदीव और भारत ने सैनिकों की वापसी पर बातचीत के लिए एक उच्च स्तरीय कोर समूह का गठन किया है। इस समूह ने रविवार सुबह माले स्थित विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में अपनी पहली बैठक की।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बैठक में भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर भी शामिल थे। नाजिम ने बैठक की पुष्टि की और कहा कि बैठक का एजेंडा 15 मार्च तक सैनिकों को वापस बुलाने का अनुरोध करना था।

भारत सरकार ने अभी इस मीडिया रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है और ना ही इस पर टिप्पणी की है।

## उत्तर कोरिया ने समुद्र की तरफ बैलिस्टिक मिसाइल दागी

**सियोल/एपी।** दक्षिण कोरिया ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट पर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि मिसाइल रविवार को दागी गई लेकिन उन्होंने अन्य कोई जानकारी नहीं दी जैसे कि मिसाइल ने कितनी दूर तक उड़ान भरी। जापान के रक्षा मंत्रालय ने भी कहा कि उसने उत्तर कोरिया द्वारा संभावित बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण किए जाने का पता लगाया है लेकिन और कोई जानकारी नहीं दी। उत्तर कोरिया द्वारा 18 दिसंबर को अपनी ह्वासोंग-18 ठोस ईंधन चालित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किए जाने के बाद से यह उत्तर कोरिया का पहला मिसाइल प्रक्षेपण है। ह्वासोंग-18 को अमेरिका के मुख्य भूभाग तक मार करने की क्षमता के साथ बनाया गया है। इससे कुछ दिन पहले उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया के साथ लगती अपनी समुद्री सीमा के समीप कई गोले दागे थे जिसके बाद दक्षिण कोरिया ने भी उसी क्षेत्र में इस तरह का कदम उठाया।

# पाकिस्तान से मुक्ति ही सिंध की सुरक्षा का एक मात्र रास्ता : विहिप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने आज कहा कि पाकिस्तान के सिंध में ना धर्म सुरक्षित है, न संस्कृति, ना मंदिर और न बेटियां, ऐसे में पाकिस्तान के चंगुल से उसकी मुक्ति ही एक मात्र मार्ग हो सकता है, जिसके लिए वैश्विक सिविल सोसाइटी को आगे आना होगा।

दक्षिणी दिल्ली के लाजपत नगर सिंधी समाज द्वारा आयोजित लाल लोई कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने ये भी कहा कि सिंध की पावन धरा का पाकिस्तान में जाना एक अपवित्र कार्य था जिसके कारण वहां रहने वाले संत झूलेलाल के लाखों अनुयायी नारकीय अवस्था में जीने को मजबूर है। अमानवीय यातनाओं और अपने आस्था, विश्वास तथा परिजनों की सुरक्षा के लिए ये जरूरी हो गया है कि सिंधी समाज के साथ मजार पूजने वाले और शिया समाज को भी पाकिस्तानी जिहादी आतंकवाद और अमानवीय अत्याचारों से मुक्ति दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि 96 वर्षीय लाल कृष्ण आडवानी जी सिंधी समाज के एक प्रखर हस्ताक्षर हैं, जिनको श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठान के लिए आमंत्रित किया है। हमे खुशी है की आयु, स्वाथ्य और मौसम की विपरीत परिस्थितियों के वावजूद उन्होंने वहां जाने के लिए अपने सहर्ष स्वीकृति दी है।



विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल के साथ कार्यक्रम में पहुंचे विहिप कार्याध्यक्ष ने यह भी कहा कि 22 जनवरी के दिन सभी परिवारों को घर से बाहर निकल, सभी परिजनों को साथ ले कर, निकट के मंदिर में पहुंच अयोध्या के आनंदोत्सव में सामूहिक सहभागिता करनी है।

इस अवसर पर संदीप रोड़ा और मिताली कुरसेजा द्वारा गाए श्री राम जय राम जय जय राम नमक विजय महामन्त्र की धुन का विमोचन भी किया गया। प्रगतिशील सिंधी समाज द्वारा लोहड़ी के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल ने भी संबोधित किया तथा समाज के प्रधान विजय इशरानी, युवा अध्यक्ष जतिन राजपूत तथा कोषाधक राज ममतानी भी उपस्थित रहे।

इससे पूर्व आलोक कुमार एवं बंसल प्रातः 8:30 बजे दिल्ली विश्वविधालय की प्रॉक्टर और राजधानी की पूर्व मेयर प्रोफसर रजनी अब्बी की घर पर जैसे ही अक्षत निमंत्रण हेतु पहुंचे, उनके परिजनों की खुशी का ठिकाना न था।

# जीत तक हमास के खिलाफ युद्ध जारी रखेगा इजरायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तेल अवीव/एजेन्सी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनका देश हमास के खिलाफ जीत के अंत तक युद्ध जारी रखेगा।



नेतन्याहू ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में दक्षिण अफ्रीका के आरोपों की निंदा करते हुए, शनिवार देर शाम इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) मुख्यालय में संवाददाताओं को बताया कि अफ्रीका कहता है कि उनका देश गाजा पट्टी में नरसंहार कर रहा है। उन्होंने कहा, ''हम जीत की राह पर हैं और हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हम जीत हासिल नहीं कर लेते।'' उन्होंने कहा कि उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से कहा था कि यह सिर्फ इजरायल का युद्ध नहीं है बल्किअमेरिका का भी युद्ध है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका द्वारा आईसीजे में शिकायत की आलोचना की और पूछा, वे किसका समर्थन करते हैं? हत्यारे, बलात्कारी, बच्चों को जलाने वाले? कितनी शर्मिंदगी है? उन्होंने कहा कि इजरायली आईडीएफ और सुरक्षा बल नैतिक एवम न्यायपूर्ण युद्ध लड़ रहे हैं, इसलिये दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों द्वारा अंतरराष्ट्रीय निंदा अभियानों का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## हाउती हमलों को लेकर अमेरिका ने ईरान को निजी तौर पर संदेश भेजा : बिडेन

**वाशिंगटन/एजेन्सी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने कहा है कि उनके प्रशासन ने लाल सागर में यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन (हाउती) के हमलों के संबंध में ईरान को निजी तौर पर एक संदेश भेजा था। संवाददाताओं द्वारा शनिवार को यह पूछे जाने पर कि क्या वह क्षेत्र में हाउती गतिविधियों के बीच ईरान की सरकार को कोई संदेश देना चाहेंगे, बिडेन ने कहा, मैंने संदेश भेजा था, हमने निजी तौर पर यह भेजा था, और हमें विश्वास है कि हम अच्छी तरह से तैयार हैं। नवंबर 2023 में हाउती ने इजरायल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने के अपने इरादे की घोषणा की तथा अन्य देशों के जहाजों से अपने चालक दल को वापस बुलाने का आग्रह किया।



# सेना की उत्तरी कमान के कमांडर ने कहा कि उत्तरी सीमा पर माहौल स्थिर, लेकिन 'सामान्य नहीं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

श्रीनगर/भाषा। सेना के एक शीर्ष कमांडर ने रविवार को कहा कि उत्तरी सीमा पर हालात स्थिर हैं लेकिन 'सामान्य नहीं' हैं। उन्होंने यह टिप्पणी लद्दाख क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण (एलएसी) के संदर्भ में की।

उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि मई 2020 में पूर्वी लद्दाख के सात गतिरोध वाले स्थानों में से पांच का समाधान भारतीय सेना और जन मुक्ति सेना (पीएलए) ने कर लिया है और बाकी दो स्थानों के लिए बातचीत जारी है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, उत्तरी सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन समान्य नहीं है या मैं कह सकता हूं कि यह संवेदनशील है।

संभवत: पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए सैन्य कामंडर ने कहा कि पड़ोसी देश पुंछ-राजौरी इलाके में आतंकवादी हमले की साजिश रच रहा है क्योंकि वह इलाके में चल रहे विकास कार्यों को पसंद नहीं करता।

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा, पुंछ-राजौरी क्षेत्र में लोगों के जीवन में समृद्धि आई है और जीवनस्तर में सुधार आया है। निवेश आ रहा था और लोगों को नौकरियां मिल रही हैं। लेकिन शांति और समृद्धि का यह माहौल हमारे पड़ोसी देश को रास नहीं आ रहा। इसलिए इलाके में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है लेकिन हमने आतंकवाद रोधी अभियान शुरू किया है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले दिनों में आतंकवादी गतिविधियों को नियंत्रित कर लिया जाएगा।

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा कि इलाके में पुलिस, सेना और स्थानीय लोगों के बीच और बेहतर समन्वय की जरूरत है। उन्होंने कहा, पुलिस थानों की संख्या बढ़ाई जा रही है और हमने मुख्य धारा में जोड़ने के कुछ कार्यक्रम शुरू किए हैं। इससे स्थिति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

सैन्य कमांडर ने कहा कि 2023 को 'शून्य घुसपैठ वर्ष' घोषित किया गया है क्योंकि कोई भी आतंकवादी नियंत्रण पार कर देश में दाखिल होने में सफल नहीं हुआ है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ...लेकिन आप कहेंगे कि कई आतंकवादी आ रहे हैं। हमने कार्रवाई की है...अगर आप पिछले साल को देखे तो मारे गए केवल 21 आतंकवादी स्थानीय थे जबकि बाकी 55 विदेशी थे। 2022 में 121 युवक आतंकवादी संगठन में भर्ती हुए जबकि 2023 में यह संख्या महज 19 रही।

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावी करने के बाद जम्मू-कश्मीर में बहुत ही सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले चार वर्षों में बहुत सारे बदलाव हुए हैं और सभी बदलाव अच्छे के लिए हैं, चाहे वे बुनियादी ढांचे का विकास से संबंधित हो, पर्यटकों का आगमन हो या बाहरी निवेश हो। कुल मिलाकर यह जनता के लिए अच्छा है और जम्मू-कश्मीर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

वह श्रीनगर में सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे।

सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस हर साल 14 जनवरी को मनाता है क्योंकि इसी दिन 1953 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के एम करियप्पा औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त हुए थे।



# महत्तम महोत्सव के अंतर्गत साधुमार्गी जैन संघ द्वारा जीवदया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। पूरे भारत में मनाये जा रहे आचार्य रामेश सुवर्ण दीक्षा महोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित महत्तम महोत्सव में जीवदया प्रवृत्ति के अंतर्गत यहां श्री साधुमार्गी जैन संघ बेंगलूरु के तत्वावधान में अखिल कर्नाटक प्राणी दया संघ, कोरमंगला गौशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गौ सेवा एवं कबूतरों को चुग्गा हेतु सुंदर सहयोग गौशाला को किया गया।

संघ के मार्गदर्शक कमल सिपानी ने आचार्य रामेश के व्यसन मुक्ति संदेश एवं 22 जनवरी को होने वाले राम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ दिन मध्यप्रदेश के जावद में आचार्यश्री रामेशजी द्वारा 10 से भी अधिक मुमुक्षुओं को जैन भागवती दीक्षा प्रदान किए जाने की जानकारी देते हुए युवाओं में धार्मिक संस्कारों के निर्माण हेतु प्रबल प्रेरणा का जिक्र किया। संघ के अध्यक्ष धर्मचंद बंबकी ने श्री रामेशाचार्य द्वारा प्रेरित जीवन में आडम्बर एवं अपव्यय को रोकने हेतु उत्क्रांति के महान आयाम हेतु अहो भाव दर्शाये। मंत्री अशोक ने अहिंसा और जीव दया को जैन धर्म का प्राण बताया और गौवंश की रक्षा हर धर्म प्रेमी को अपना कर्तव्य समझने की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर समता भवन निर्माण चेयरमेन राष्ट्रीय शिखर सदस्य विमल सिपानी, राष्ट्रीय शिखर सदस्य दिनेश सिपानी, समता प्रचार संघ संयोजक जसवंत मांडोत, सह संयोजक दिलीप डागा, समता युवा संघ अध्यक्ष शांतिलाल रांका, मंत्री मनोज नंदावत, कोषाध्यक्ष राकेश भंसाली, समता महिला मंडल अध्यक्ष सरिता खिंवसरा, मंत्री मोनिका रांका एवं उपाध्यक्ष सुरेश मेहता उपाध्यक्ष अरविंद खिंवसरा, पूर्व उपाध्यक्ष गोपालचंद खिंवसरा, पूर्व कोषाध्यक्ष जसकरण सुराणा, पूर्व मंत्री अनिलकुमार धोका, संजयकुमार सांड, ललितकुमार खिंवसरा, उत्तमचंद मेहता संपतराज दक आदि संघ के गणमान्यजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## मैसूरु में भी हुआ जीव दया कार्यक्रम

मैसूरु। यहां रविवार को महत्तम महोत्सव के अंतर्गत आचार्यश्री रामेशजी के 50 वी दीक्षा जयंती के उपलक्ष्य में श्री साधुमार्गी जैन संघ मैसूरु द्वारा जीव दया का कार्यक्रम किया गया। जिसमें कबूतरों को दाना और गौमाता को गुड चारा आदि खिलाया गया। जिसमें श्री साधुमार्गी संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार दक, कोषाध्यक्ष श्यामलाल गन्ना, अखिल भारतवर्षीय समता युवा संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिल पोरवाड, महिला मंडल की अध्यक्ष उमा गन्ना, मंत्री ललीता गन्ना, युवा संघ के अध्यक्ष दिलीप नंदावत, मंत्री रितेश भंसाली आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# 'पूर्व सैनिकों को कॉरपोरेट और ज्यादा नौकरी दे सकते हैं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गुवाहाटी/भाषा। असम सैनिक कल्याण निदेशालय के अध्यक्ष ब्रिगेडियर (अवकाश प्राप्त) डी. सी. मजूमदार ने रविवार को दावा किया कि राज्य में भूतपूर्व सैनिकों को नौकरी देने में कॉरपोरेट क्षेत्र की भूमिका 'बहुत उत्साहजनक नहीं' है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा सशस्त्र बलों के अवकाश-प्राप्त सैनिकों, खासतौर पर कम उम्र में सशस्त्र बल से अवकाश प्राप्त करने वाले कनिष्ठ पदों के सैनिकों को रोजगार देने की कोशिश की प्रशंसा की।

आठवें 'सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम से इतर 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में मजूमदार ने कहा, कई भूतपूर्व सैनिक, खासतौर पर जवान, कम उम्र में अवकाश प्राप्त कर लेते हैं। आमतौर पर उनके बच्चे बहुत छोटे होते हैं और पेंशन की राशि परिवार के भरण-पोषण के लिए पर्याप्त नहीं होती। उन्होंने कहा, ये अवकाश-प्राप्त सैनिक विभिन्न कौशल का प्रशिक्षण लेकर और अनुशासन के साथ आते हैं और अगर इन्हें विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार दिया गया तो समाज को लाभ होगा।

मजूमदार ने कहा कि विभिन्न राज्यों में बने सैनिक कल्याण निदेशालय भूतपूर्व सैनिकों को नई नौकरी प्राप्त करने में मदद के लिए उनका पंजीकरण करते हैं। उन्होंने इस संबंध में असम सरकार की पहल की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने सरकारी क्षेत्र में ए से डी श्रेणी तक की नौकरियों में भूतपूर्व सैनिकों के लिए दो प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है और सरकारी भूमि पर उद्यम स्थापित करने के इच्छुक पूर्व सैनिकों के लिए विशेष पहल हाल ही में की है। मजूमदार ने कहा कि सरकारी क्षेत्र अकेले बड़ी संख्या में आकांक्षियों को समाहित नहीं कर सकता है और इस संदर्भ में कॉरपोरेट क्षेत्र से बहुत उम्मीद है। उन्होंने कहा, सैनिक कल्याण निदेशालय के जरिये कॉरपोरेट क्षेत्र में भर्ती का आंकड़ा बहुत उत्साहजनक नहीं है। हम महसूस करते हैं कि इस संदर्भ में और बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि असम के सैनिक कल्याण निदेशालय में करीब 41 हजार भूतपूर्व सैनिकों ने अपना पंजीकरण कराया है, जिनमें से नौ हजार 'वीर नारी' हैं।

अर्घ्य



हरिद्वार में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर रविवार को हरिद्वार में हर की पैड़ी पर सूर्य देव को अर्घ्य देता एक श्रद्धालु।



# 'हुनर से पहचान, अब नहीं तो कब?'

## सिवांची ओसवाल जैन महिला संघ का कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां सिवांची संघ के दो दिवसीय कार्यक्रम वासवी स्कूल ऑडिटोरियम और वासवी हॉस्ट ट्रस्ट परिसर में सम्पन्न हुए। सिवांची ओसवाल जैन महिला संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी सशक्तिकरण के तहत महिलाओं में छिपे हुनर को बाहर निकालकर उसे नया आकार देने की जरूरत पर था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रिंकू भंसाली ने बिजनेस, इंडस्ट्रीज के बार में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कई महिलाओं और बेटियों में बहुत कुछ कर गुजरने की तमन्ना होती है। अपने अंदर छिपे हुनर से बिजनेस की कैसे और कहां शुरुआत करनी चाहिए। उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने सभी को संबोधित किया।

कार्यक्रम में 75 वर्ष की उम्र में भरत नाट्म की प्रस्तुति देवाजी नाहटा ने दी जो बहुत ही प्रेरणादायक रही।

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर मंगलाचरण किया गया। अध्यक्ष सीमा मेहता ने सभी का स्वागत किया। मंच का संचालन डिम्पल ओस्तवाल ने किया। कार्यक्रम प्रमुख रेखा मुनोत और प्रियंका पालरेचा ने कार्यक्रम की जानकारी दी। नीतू गुलेच्छा, निकिता चोरड़िया, स्नेहा चोरड़िया, गुलाब मेहता, डिम्पल बागरेचा ने एक नाटक की प्रस्तुति देकर महिलाओं को जागृत किया। हेमा चोपड़ा ने प्रायोजक परिवारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रीति चोरड़िया, उषा भंडारी, ललिता छाजेड़, मीना रांका, अनिता लुंकड़, शीतल चोपड़ा, मोनिका पारलेचा, सुशीला गोलेच्छा, टीनू पालरेचा, उषा श्रीश्रीमाल, रितु मेहता ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और योगदान दिया। कार्यक्रम में नीलम लालवानी, कांता, ममता बागरेचा, किरण नागोरी, भावना कोठारी और युवा संघ से जितेन्द्र कांकरिया और उनकी टीम की उपस्थिति रही।

# एफसीआई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करे, परिचालन लागत घटाए : गोयल

नई दिल्ली/भाषा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से अपने समग्र कामकाज में आधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने, परिचालन की लागत को कम करने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत किसानों और गरीब लाभार्थियों का भरोसा जीतने के लिए कहा।

खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री गोयल ने एफसीआई और उसके कर्मचारियों से किसी भी गलत काम को रोकने और अपने परिचालन में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करने को भी कहा।

वह खाद्यान्न की खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी एफसीआई के 60वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। एफसीआई की स्थापना 14 जनवरी, 1965 को हुई थी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने किसानों को उनकी उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने और 81 करोड़ लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध करान के लिए एफसीआई की सराहना की। उन्होंने एफसीआई और उसके कर्मचारियों को तीन प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, सबसे पहले हमें अपने किसानों के साथ-साथ लाभार्थियों (गरीब और निम्न-मध्यम आय वालों) का विश्वास जीतना चाहिए। लोगों का विश्वास जीतना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए और हमें संवेदनशीलता और ईमानदारी से उन तक पहुंच बनानी चाहिए।

# व्यापार लागत में कटौती के लिए घरेलू प्रयोगशालाओं को फलों के विकिरण की अनुमति दे अमेरिकाः भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारत ने अमेरिका से आम आदि फलों के विकिरण के लिए घरेलू प्रयोगशालाओं को अनुमति देने को कहा है। इससे निर्यातकों को अतिरिक्त व्यापार लागत में कटौती करने में मदद मिलेगी। निर्यातकों को वर्तमान में अमेरिकी बंदरगाहों पर विकिरण करना पड़ता है, जिससे खेप की अस्वीकृति की स्थिति में लागत और अनिश्चितता बढ़ जाती है। भोज्य पदार्थों के विकिरण से उसमें उपस्थित सूक्ष्मजीव, जीवाणु, विषाणु एवं कीट आदि नष्ट हो जाते हैं।

यह मुद्दा 12 जनवरी को यहां 14वीं भारत-अमेरिका व्यापार नीति मंच (टीपीएफ) की बैठक में उठाया गया था।

अधिकारी ने कहा, हमने फलों के विकिरण का मुद्दा उठाया जो वे अपने तट पर करते हैं। इसे यहां होने दें। वे भारतीय प्रयोगशालाओं को ऐसा करने की अनुमति दे सकते हैं। इससे एक तरह से व्यापार लागत कम हो जाएगी। वहीं शोध संस्थान जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि निर्यात से पहले भारत में विकिरण करना बेहतर तरीका है। भारत में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं जो अमेरिकी आयात जरूरतों को पूरा कर सकती हैं। भारत में विकिरण सुविधाएं गुजरात (गुजरात एग्रो गामा विकिरण सुविधा, अहमदाबाद), महाराष्ट्र (अंबरनाथ में गामा विकिरण सेवाएं और मुंबई में एग्रोसर्ज इरेडियेटर्स (इंडिया), तेलंगाना (गामा एग्रो-मेडिकल प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड, पशमिलाराम) और तमिलनाडु (कायथार में गामा टेक इंडिया) में हैं।

ताजे आम, अंगूर, अनार, मसाले के अलावा कुछ हस्तशिल्प, फर्नीचर और खाल और त्वचा जैसे पशु उत्पाद को विकिरण की जरूरत होती है।

# 'हाथ काटने' की टिप्पणी को लेकर मुस्लिम संगठन की युवा इकाई के नेता के खिलाफ मामला दर्ज

मलप्पुरम (केरल)/भाषा। केरल में एक मुस्लिम संगठन की युवा इकाई के एक नेता द्वारा हाल में 'हाथ काटने' की विवादास्पद टिप्पणी करने को लेकर यहां उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि समस्त केरल जमीयत-उल उलेमा की छात्र इकाई समस्त केरल सुन्नी स्टूडेंट्स फेडरेशन के नेता सत्तार पंथालूर के विवादास्पद बयान को लेकर उनके खिलाफ शनिवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 के तहत एक मामला दर्ज किया गया। समस्त केरल जमीयत-उल उलेमा, प्रख्यात सुन्नी विद्वानों का एक संगठन है। इसे केरल के मुसलमानों के बीच काफी समर्थन प्राप्त है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई मलप्पुरम के पुलिस अधीक्षक को एक व्यक्ति द्वारा भेजी गई शिकायत के आधार पर की गई।

शिकायत के अनुसार, पंथालूर का बयान विभिन्न समूहों के लोगों के बीच हिंसा भड़का सकता है। पंथालूर ने यहां एक हालिया कार्यक्रम में उन लोगों के हाथ काटने की चेतावनी दी थी जो समस्त केरल जमीयत-उल उलेमा के विद्वानों की आलोचना करते हैं और उनके लिए मुश्किलें पैदा करते हैं।

पोंगल



रविवार को नई दिल्ली में पोंगल उत्सव पर कार्यक्रम की झलकियाँ।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड

उपलब्ध
PURVA BLUE BELLE
Adjacent to Magadi Road Metro Station
(Purple lane) Rajajinagar
3 Bedroom Jodi units
5 Bedroom + Servant room with all Luxurious Amenities.
Direct metro from here to ITPL (white field) / KR PURAM/ BYYAPPANAHALLI .
Very good Convenience those who are working above areas.
Only few units left for Sale.
Contact Owner: 9844027560

उपलब्ध
DNR Highline @ Okalipuram
near LULU Mall Rajajinagar
3 & 4 BHK FLATS
with 7 Star Luxurious Amenities.
Only Few Flats available for Sale.
for details
Contact Owner: 9844027560

# भारत भविष्य की अनिश्चितताओं का सामना करने में सक्षम : वर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले कुछ वर्षों में सभी भू-राजनीतिक झटकों का मजबूती से सामना किया है और यह आगे आने वाली अनिश्चितताओं से भी निपटने में सक्षम होगी।

वर्मा ने कहा कि उन्हें 2024 में अच्छे नतीजों की उम्मीद है, जब मुद्रास्फीति कम होगी और वृद्धि मजबूत रहेगी।

वर्मा ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले कुछ वर्षों में सभी झटकों (रूस-यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-हमास युद्ध, तेल की बढ़ती कीमतों) का मजबूती से सामना किया है और मुझे नहीं लगता कि आने वाले महीनों में भू-राजनीतिक स्थिति बहुत खराब होगी। हमने हाल में जैसा भू-राजनीतिक संकट देखा है, आगे उससे खराब स्थिति नहीं होगी। भारतीय प्रबंध संस्थान-अहमदाबाद (आईआईएम-अहमदाबाद) के प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि चीन में जारी सुस्ती के कारण ऊर्जा और अन्य वस्तुओं की मांग में भारी गिरावट आई है। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर मुझे पूरा विश्वास है कि भारत आगे आने वाली अनिश्चितताओं से निपटने में सक्षम होगा। भारत की अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।

# हवाई किराए 'अनुकूल स्तर' पर आएंगे, तो लोग यात्रा करेंगे : विस्तारा सीईओ

नई दिल्ली/भाषा। विस्तारा के प्रमुख विनोद कन्नन ने कहा है कि हवाई किराया काफी हद तक आपूर्ति और मांग पर निर्भर करता है। पूर्ण सेवाएं प्रदान करने वाली एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कन्नन ने उम्मीद जताई कि विमान टिकट के दाम ऐसे 'अनुकूल स्तर' पर आ जाएंगे, जहां लोग यात्रा करेंगे और एयरलाइंस कमाई करेंगी। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस का संयुक्त उद्यम विस्तारा अभी प्रतिदिन लगभग 320 उड़ानों का परिचालन करती है। हवाई टिकटों की कीमतें अधिक होने की कुछ हलकों की चिंताओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जब टिकट के दाम बढ़ते हैं, तो लोग शिकायत करते हैं, लेकिन जब दाम घटते हैं, तो कोई इसकी सराहना नहीं करता। उन्होंने कहा, साल में कई बार किसी विशेष सीजन में दाम चढ़ते हैं। 2023 में हमारा किराया तो 2022 से भी कम था।

कन्नन ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ उपाय किए गए हैं कि हवाई किराया 'अतार्किक' नहीं हो। खासकर प्राकृतिक आपदा या कुछ विशेष घटना होने पर। उन्होंने कहा, ऐसी स्थितियों में हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह कीमत बढ़ाने का अवसर नहीं है। उन्होंने कहा, यदि आप सालाना आधार पर देखें, तो पिछले 20 साल के दौरान दिल्ली से मुंबई के किराए में बदलाव नहीं आया है। यदि आप एक व्यक्ति द्वारा भुगतान किए गए औसत किराए को देखें 2000 के दशक की शुरुआत में और आज में बहुत अंतर नहीं पाएंगे। हालांकि, इस दौरान लागत काफी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इसकी एक वजह क्षमता बढ़ोतरी, किफायती एयरलाइंस की संख्या में वृद्धि और कई अन्य बाते हैं। उन्होंने कहा, मूल्य निर्धारण... आपूर्ति और मांग का एक कार्य है। हम उम्मीद करते हैं कि टिकट का दाम ऐसे अनुकूल स्तर पर आएगा जहां लोग यात्रा करेंगे और एयरलाइंस पैसा कमाएंगी।

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि भारत में हवाई किराया उस स्तर तक पहुंच जाएगा, जहां यह वैश्विक स्तर की बराबरी कर लेगा, कन्नन ने कहा कि यह वृद्धि का रुख तय करेगा। उन्होंने कहा कि हम शायद कुछ पश्चिमी बाज़ारों जितने परिपक्व नहीं हैं। यह एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है, और यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि हम कहां उड़ान भरते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहर अब अधिक लोकप्रिय हो रहे हैं। वे 'परिपक्व' हो रहे हैं।

विस्तारा पिछले नौ साल से उड़ान भर रही है। फिलहाल इसके एयर इंडिया में विलय की प्रक्रिया चल रही है। टाटा समूह ने नवंबर, 2022 में एक सौदे के तहत एयर इंडिया के साथ विस्तारा के विलय की घोषणा की थी। इस सौदे के तहत सिंगापुर एयरलाइंस भी एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।

# हावेरी सामूहिक दुष्कर्म मामले में पर्दा डालने की कोशिश की जा रही है : बोम्मई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को कहा कि हावेरी में नैतिकता ठेकेदारी के मामले में पीड़िता को पैसे देकर मामले में पर्दा डालने की कोशिश की जा रही है। दरअसल एक वीडियो सार्वजनिक हुआ जिसमें आठ जनवरी को हावेरी जिले के हंगल तालुक में छह लोगों को एक होटल के कमरे में घुसकर एक अंतरधार्मिक जोड़े पर हमला करते देखा गया। इस घटना के सिलसिले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एक बयान में बोम्मई ने दावा किया कि हावेरी पुलिस ने हंगल के मामले को बंद करने के लिए पीड़िता को पैसे की पेशकश की। उन्होंने कहा, सरकार को इस घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन करना चाहिए। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया सोमवार को हावेरी का दौरा करेंगे, इसलिए भाजपा को उम्मीद है कि वह इस संबंध में कोई घोषणा करेंगे।

बोम्मई ने कहा कि स्थानीय पुलिस को भाजपा महिला प्रतिनिधिमंडल के हावेरी दौरे की जानकारी मिलने के बाद जांच की आड़ में पीड़िता को सिरसी ले जाया गया। उन्होंने कहा, कांग्रेस



पार्टी इस प्रकार की राजनीति करती आ रही। उनसे और क्या उम्मीद की जा सकती है। मामले के अनुसार आठ जनवरी को अपराह्न एक बजे 26 वर्षीय विवाहिता, एक 40 वर्षीय पुरुष के साथ एक होटल में पहुंची। यह महिला अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखती थी। महिला और पुरुष के बीच तीन वर्ष से संबंध हैं। पुलिस ने कहा कि पूरी घटना होटल के कमरे में हुई और आरोपियों ने उसका वीडियो बना लिया। बाद में इन वीडियो को सोशल मीडिया मंचों पर सार्वजनिक कर दिया गया।

एक वीडियो में छह पुरुषों को एक कमरे का दरवाजा खटखटाते हुए देखा गया, और जब एक व्यक्ति ने दरवाजा खोला तो कुछ लोग अंदर घुसते हुए और महिला की तरफ बढ़ते दिखाई दिए। पुलिस ने बताया कि जब यह जोड़ा होटल में घुस रहा था तब एक ऑटो रिक्शा चालक ने उन्हें देख लिया। बुर्का पहने महिला को एक दूसरे धर्म के पुरुष के साथ देखकर उसने स्थानीय लोगों के एक गुट को इसकी जानकारी दी। ये लोग भी अल्पसंख्यक समुदाय से थे।

पुलिस ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी में सामूहिक दुष्कर्म की धारा भी जोड़ी गई। मजिस्ट्रेट के समक्ष उसके बयान दर्ज किए गए। महिला ने यह भी कहा है कि आरोपी के करीबी लोग उस पर मामला वापस लेने का दबाव बना रहे हैं और लाखों रुपये की पेशकश कर रहे हैं।

वार्षिक समारोह — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



भाजपा सांसद लहर सिंह सिरोया ने चेन्नई के पट्टालम में तेरापंथ जैन विद्यालय एमएचएसएस के 25वें वार्षिक दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और संकाय की सराहना की। वहीं, विद्यार्थियों को 21वीं सदी के लिए प्रासंगिक आधुनिक विचारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने नए भारत के भविष्य को आकार देने में योगदान का आह्वान किया।कार्यक्रम में इंडियन बैंक के एमडी व सीईओ शांतिलाल जैन, संस्थान के अध्यक्ष एम गौतमचंद बोहरा, मेघराज लुनावत, जीसी समदरिया, डॉ. कमलेश नाहर, संजय भंसाली और प्रधानाचार्या आशा क्रिस्टी समेत कई लोग मौजूद थे।



# विश्व को ऐसे ज्ञान की जरूरत, जो धरती पर शांतिपूर्ण तरीके से रहने में सहायता कर सके : प्रो. ब्रायन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। इन्फोसिस साइंस फाउंडेशन (आईएसएफ) ने शनिवार को बेंगलूरु में एक सम्मान समारोह के दौरान 'इन्फोसिस प्राइज 2023' के विजेताओं को पुरस्कृत किया। विजेताओं को इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर साइंस, ह्यूमैनिटीज, लाइफ साइंसेज, मैथमेटिकल साइंसेज, फिजिकल साइंसेज और सोशल साइंसेज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया है। विजेताओं को मुख्य अतिथि, नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर ब्रायन श्मित द्वारा स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र और 1,00,000 डॉलर की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई।

कार्यक्रम में दुनियाभर के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, उद्योग जगत की हस्तियों, युवा शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन्फोसिस साइंस फाउंडेशन के ट्रस्टी क्रिस गोपालकृष्णन, नारायण मूर्ति, श्रीनाथ बाटनी, के दिनेश, नंदन नीलेकणि, मोहनदास पई, सलिल पारेख और एसडी शिबूलाल भी पुरस्कार समारोह में मौजूद थे।

इस अवसर पर प्रो. ब्रायन श्मित ने कहा, इन्फोसिस प्राइज सेरेमनी का हिस्सा बनना वास्तव में एक सम्मानजनक बात है। यह पुरस्कार शोध के माध्यम से ज्ञान को विस्तार देने की दिशा में भारतीयों के उल्लेखनीय योगदान को सामने लाता है। विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए ये विजेता शोध तथा इससे मानवता को पहुंचने वाले लाभ के मामले में वैश्विक स्तर पर अग्रणी हैं। विश्व को ऐसे ज्ञान की जरूरत है, जो हमें इस धरती पर शांतिपूर्ण तरीके से रहने में सहायता कर सके।

क्रिस गोपालकृष्णन ने कहा, वैज्ञानिक शोध को मुख्य धारा के विमर्श का हिस्सा बनाना समय की आवश्यकता है। हमें इस दिशा में मिलकर प्रयास करना होगा, ताकि देश का वैज्ञानिक वातावरण समृद्ध हो। इन विजेताओं के कार्य भारत की विकास गाथा में उल्लेखनीय हैं और उन्हें सम्मानित करना हमारे लिए गर्व की बात है।

बता दें कि इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में प्रो. सच्चिदानंद त्रिपाठी, ह्यूमैनिटीज में जाह्नवी फाल्के, लाइफ साइंसेज में प्रो. अरुण कुमार शुक्ला, मैथमेटिकल साइंसेज में प्रो. भार्गव भट्ट, फिजिकल साइंसेज में प्रो. मुकुंद थट्टाई और सोशल साइंसेज के क्षेत्र में प्रो. करुणा मंटेना को पुरस्कृत किया गया है।

# विभिन्न शहरों में खराब मौसम के चलते बेंगलूरु से 44 उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। देश के कई शहरों में खराब मौसम के कारण बेंगलूरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) से रविवार को 44 उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डा अधिकारियों के मुताबिक, बेंगलूरु में धुंध की मोटी परत के कारण शहर के हवाई अड्डे पर कुछ उड़ानों के उतरने में भी विलंब हुआ। अधिकारी ने बताया कि नतीजतन, 44 उड़ानों की रवानगी में देरी हुई जिसका कारण बेंगलूरु समेत कई शहरों में खराब मौसम रहा। इन 44 में से सात उड़ानें दिल्ली के लिए थी जबकि एक उड़ान को चेन्नई से बेंगलूरु की ओर भेजा गया है ।

# भाजपा विधायक सड़क हादसे में मामूली रूप से घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कलबुर्गी। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक बसवराज मत्तीमुड की कार रविवार को पलट गई, जिससे वह मामूली रूप से जख्मी हो गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि गुलबर्ग ग्रामीण से विधायक मत्तीगुड की कार पाला गांव के पास उस वक्त पलट गई, जब वह कुछ अन्य नेताओं के साथ शाहबाद की ओर जा रहे थे।

सूत्रों के अनुसार, हालांकि विधायक और अन्य को सिर्फ मामूली चोटें आईं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विधायक को इलाज के लिए एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालात स्थिर है।

# राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं



बेंगलूरु/दक्षिण भारत । कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर कर्नाटक के लोगों को शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल गहलोत ने एक बयान में कहा, ''लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल के शुभ अवसर पर, मैं सभी भारतीयों और कर्नाटकवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।'' उन्होंने कहा, ''ये त्योहार प्रेम और सद्भाव की भावना को बढ़ाने और हमारे देश को अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध बनाने में योगदान दें।''

# मोदी का आलोचक होने के कारण पार्टियां चुनाव में उम्मीदवार बनाने के लिए मेरे पीछे पड़ी हैं : प्रकाश राज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/कोझिकोड। अभिनेता प्रकाश राज ने दावा किया है कि तीन 'राजनीतिक दल' 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें अपना उम्मीदवार बनाने के लिए उनके पीछे पड़े हैं, लेकिन ऐसा उनकी विचारधारा के कारण नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आलोचक होने की वजह से है। प्रकाश राज (58) ने यहां केरल साहित्य महोत्सव (केएलएफ) में कहा, मैं इस जाल में नहीं फंसना चाहता।'' पुरस्कार विजेता अभिनेता को ''कांचीवरम'', ''सिंघम'' और ''वांटेड'' जैसी फिल्मों में उनके दमदार काम के लिए जाना जाता है। उन्होंने 2019 के आम चुनावों में बेंगलूरु सेंट्रल से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, लेकिन असफल रहे।

केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के मुखर आलोचक राज ने शनिवार को ''स्टार पावर एंड स्टेट-क्राफ्ट : पब्लिक पर्सोना एंड इलेक्टोरल पॉलिटिक्स'' विषयक सत्र के दौरान कहा, अब, चुनाव आ रहे हैं, तीन राजनीतिक दल मेरे पीछे पड़े हैं। मैंने फोन बंद कर दिया है...क्योंकि मैं इस पचड़े में नहीं पड़ना चाहता। वे न लोगों के लिए, न मेरी विचारधारा के लिए आ रहे हैं, चूंकि मैं 'मोदी का आलोचक' हूं, इसलिए वे कहते हैं, आप एक अच्छे उम्मीदवार हैं।

अभिनेता ने आरोप लगाया कि आज राजनीतिक दल अपनी आवाज खो चुके हैं और उनमें कोई सच्चाई नहीं बची है, यही कारण है कि उनमें से कई (दल) उम्मीदवारों को खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सत्र के दौरान अभिनेता ने पूछा, इस देश में उम्मीदवार नहीं हैं? राजनीतिक दल निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रतिनिधि ढूंढने के लिए संघर्ष



कर रहे हैं। हम कितने गरीब हैं? अभिनेता सत्र संचालक अंजना शंकर के सवालों का जवाब दे रहे थे। राज से यह भी पूछा गया कि क्या वह प्रधानमंत्री मोदी से 'नफरत' करते हैं?

प्रकाश राज ने कहा, 'मैं उनसे (मोदी) नफरत नहीं करता। क्या वह मेरे ससुर हैं या क्या मेरा उनके साथ कोई संपत्ति का झगड़ा है? मैं उन्हें सिर्फ यह बता रहा हूं कि मैं एक करदाता हूं...मैंने आपका वेतन दिया और आप मुझसे अपने नौकर के रूप में सलूक कर रहे हैं। ऐसा नहीं होता है... मैं उन्हें अपना काम करने के लिए कह रहा हूं।'

'एक्स' पर सरकार की आलोचना करने वाले अपने पोस्ट का बचाव करते हुए अभिनेता ने कहा, मैं वही बोलता हूं जो हर किसी के दिल में है और यह मेरी आवाज नहीं है, यह हमारी (लोगों की) आवाज है। प्रकाश राज ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में बात करते हुए कहा, यह मेरे 'मन की बात' नहीं बल्कि हमारे 'मन की बात' है।

उन्होंने यह भी कहा कि सत्ता में बैठे व्यक्ति से सवाल पूछने की जरूरत है। अभिनेता ने कहा, चाहे मैंने उन्हें वोट दिया हो या नहीं दिया हो, वह अब मेरे भी प्रधानमंत्री हैं। यही लोकतंत्र है, वह यह नहीं कह सकते कि आपने वोट नहीं दिया, आप मत सवाल करिए...जिस पल वह हटेंगे, जो भी आएगा, मैं उस व्यक्ति से भी पूछूंगा। आप मेरे ट्वीट में बदलाव देखेंगे। उनके (मोदी) जाने के बाद...अगर वह हट जाएंगे, तो मैं उनके बारे में क्यों बात करूंगा?

प्रकाश राज ने कहा, मैं नेहरू, हिटलर के बारे में ट्वीट करता हूं, वे मेरे लिए प्रासंगिक भी नहीं हैं...अगर मैं आठ पीढ़ी पहले के औरंगजेब, टीपू सुल्तान जैसे किसी और के बारे में बात करता हूं तो लोग मुझे मूर्ख कहेंगे, मैं तब पैदा भी नहीं हुआ था। इतिहासकार विलियम डेलरिम्पल, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी, अमेरिकी चिकित्सक-लेखक अब्राहम वर्गीस, पुरस्कार विजेता लेखक पेरुमल मुरुगन और हास्य अभिनेता कानन गिल समेत कई हस्तियों ने केरल साहित्य महोत्सव में भाग लिया। सम्मेलन रविवार को समाप्त हुआ।

# स्वास्थ्य प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण जरूरी : दिनेश गुंडूराव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां सर्जिकल सोसाइटी बेंगलूरु इकाई द्वारा 2200 से अधिक पुलिसकर्मियों के लिए कंटीरवा इंडोर स्टेडियम में आयोजित दिल के दौरे के मामले में सीपीआर-प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर ने विश्व रिकॉर्ड बनाया है। वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ़ लंदन संस्था ने सर्जिकल सोसाइटी की बेंगलूरु इकाई को उच्चतम स्तर की प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक प्रमाण पत्र दिया।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडूराव ने प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि मंत्री सहित सभी को जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए। ऐसे रचनात्मक कार्यों से अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। ये वाकई अच्छा काम है। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है, जिससे



उन्हें उपलब्धि का एहसास हुआ है। स्कूली छात्रों, शिक्षकों और स्वास्थ्य विभाग के लिए उचित प्रशिक्षण की आवश्यकता है। प्रशिक्षण प्राप्त लोग जीवन बचाते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को इसे एक उदाहरण के रूप में लेना चाहिए। आए दिन पुलिस के सामने कई घटनाएं हो रही हैं। इसलिए पुलिस को प्राथमिक चिकित्सा देना बहुत महत्वपूर्ण है। दिल का दौरा पड़ने की स्थिति में अगर प्रशिक्षण लिया जाए तो जान बचाई जा सकती है। यदि सभी को इसका प्रशिक्षण दिया जाए तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। हर जीवन कीमती है। पूरा परिवार आप पर निर्भर है। किसी की जान बचाना एक महान सेवा करने जैसा है। उन्होंने कहा, ये बहुत ही सरल प्रशिक्षण तकनीकें हैं।

बेंगलूरु सिटी पुलिस कमिश्नर बी. दयानंद ने कहा कि इससे पुलिस की जान बचाने में मदद मिलेगी और हम अपने जवानों की सुरक्षा भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी फायदेमंद होगा। सर्जिकल सोसायटी ऑफ बेंगलूरु यूनिट के अध्यक्ष डॉ. राजशेखर सी जैका ने संबोधित किया। अभिनेता पुनीत राजकुमार, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को मौके पर ही उचित प्राथमिक उपचार मिल जाता तो उनकी कीमती जान बचाई जा सकती थी। जीवन बचाने के लिए इस तरह के इनोवेटिव प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है। सर्जिकल सोसाइटी ऑफ बेंगलूरु इकाई ने कहा कि अपनी 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे साल कई रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में आईसीएटीटी फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नलवाड व अन्य मौजूद रहे।

# 'भोगी पोंगल' के धुएं के चलते दृश्यता प्रभावित होने से विमानों का संचालन बाधित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां 'भोगी पोंगल' के धुएं के कारण दृश्यता प्रभावित होने के कारण यहां उतरने वाली तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के मार्ग में रविवार को परिवर्तन कर उन्हें हैदराबाद भेजा गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कचरा जलाने के कारण हवाई यातायात पर इस वर्ष पड़ने वाला प्रभाव एहतियाती उपायों की वजह से पहले की तुलना में कम रहा लेकिन सुबह लगभग दो घंटे तक उड़ानों का आगमन और प्रस्थान बाधित रहा। । उन्होंने कहा कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अधिकारियों ने स्थिति से निपटने के लिए चेन्नई हवाई अड्डे और एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रण) अधिकारियों द्वारा की गई तैयारियों की सराहना की। दिल्ली से आ रहे एक विमान के मार्ग में भी बदलाव कर उसे तेलंगाना की राजधानी भेजा गया। खेती व फसलों से जुड़ा पोंगल का पर्व चार दिन मनाया जाता है और प्रत्येक दिन इसका अलग अलग नाम होता है। पहले दिन को भोगी पोंगल, दूसरे दिन को सूर्य पोंगल, तीसरे दिन को मट्टू पोंगल और चौथे दिन को कानुम पोंगल कहते हैं। 'भोगी पोंगल' के दिन लोग घरेलू कचरे को जलाते हैं।

हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कुछ दिन पहले हवाई क्षेत्र के आस-पास रहने वाले लोगों से कचरा जलाने से बचने की अपील की थी क्योंकि धुएं के कारण दृश्यता प्रभावित होने से विमानों का संचालन प्रभावित होने की आशंका रहती है।



# मकर संक्रांति पर मुर्गों की लड़ाई देखने जुटे हजारों


पेदमिरम/दक्षिण भारत। आंध्र प्रदेश के गोदावरी जिले के गांवों और अन्य हिस्सों में मकर संक्रांति के अवसर पर मुर्गों की लड़ाई का वार्षिक आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में मुर्गों के मालिक और दर्शक जुटे और करोड़ों रुपये के दांव लगाए गए। पश्चिम गोदावरी जिले के भीमावरम के पास पेदमिरम गांव में मुर्गों की लड़ाई देखने और दांव लगाने दूसरे राज्यों के साथ विदेश से भी लोग आए थे और इसकी वजह से कारों की कतार लग गई।

तेलंगाना से आए एम प्रभु ने पीटीआई-भाषा'से कहा, मैं हैदराबाद के पास शमीरपेट गांव से आया हूं। मैं हर साल संक्रांति पर मुर्गों की लड़ाई देखने के लिए भीमावरम आता हूं। मेरे कुछ दोस्त सट्टा लगाते हैं। प्रभु एक बड़े सफेद तंबू के बगल में संक्रांति-थीम वाले सेल्फी प्वाइंट पर तस्वीरें खिंचवा रहे थे। वहां प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले मुर्गों के पैरों में तेज धार वाले चाकू बांधे गए थे। बगल में ही लोगों का स्वागत करने के लिए स्थानीय नेता पी वी एल नरसिंह के तस्वीर के साथ पोस्टर लगा था।

प्रतिभागियों में अधिकांश पुरुष थे लेकिन कुछ महिलाएं, बच्चे और परिवार भी संक्रांति समारोह के हिस्से के रूप में मुर्गों की लड़ाई देखने आए थे। गोदावरी जिलों में ही नहीं बल्कि कृष्णा, एनटीआर और अन्य स्थानों पर भी संक्रांति उत्सव के तौर पर तीन दिन तक मुर्गों की लड़ाई का आयोजन होने और सट्टा लगाए जाने की उम्मीद है।

# सबरीमला मकरविलक्कु उत्सव के लिए पूरी तरह तैयार

चेन्नई/पतनमथिट्टा/दक्षिण भारत। पहाड़ी पर स्थित सबरीमला मंदिर 15 जनवरी को मकरविलक्कु उत्सव के लिए पूरी तरह तैयार है और श्रद्धालुओं के लिए 'मकर ज्योति' देखने को लेकर सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर का प्रबंधन करने वाले त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) ने रविवार को यह जानकारी दी। टीडीबी अध्यक्ष पीएस प्रशांत ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मकरविलक्कु उत्सव और 15 जनवरी को मकर ज्योति' देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।

विश्व विख्यात अभिधान राजेन्द्र कोष के निर्माता, नमस्कार महामंत्र के अजोड़ आराधक विश्वपूज्य प्रभु
श्रीमद् विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. की
197वीं जन्म जयंती व 117 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर
पोष सुदि 7, बुधवार दि. 17.01.2024
सौधर्म वृहद तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक संघ के गच्छाधिपति प.पू.श्रीमद् विजय ऋषभचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा की आज्ञानुवर्तिनी साध्वीश्री संघवनश्रीजी म.सा. की सुशिष्या साध्वीश्री विनीताप्रज्ञाश्रीजी की
सुशिष्या एवं प्रशिष्या प.पू. साध्वीश्री तत्वत्रयाश्रीजी म.सा.,
प.पू सा.श्री गोयमरत्नाश्रीजी एवं प.पू सा परमप्रज्ञाश्रीजी आदि ठाणा
- प्रात: 7.00 बजे : मंदिरजी में भव्य स्नात्र महोत्सव का आयोजन
- प्रात: 7.30 बजे : गुरुदेव की अष्टप्रकारी पूजा
- प्रात: 8.30 बजे : गुरु सप्तमी विशेष आरती
- प्रात : 9.00 बजे : भव्यातिभव्य गुरुदेव का वरघोडा श्री अभिधान राजेन्द्र कोष के साथ, वरघोडा मंदिरजी से रवाना होकर चिकपेट, बीबीके अंय्यगार रोड होते हुए श्री गुरु राजेन्द्र भवन किल्लारी रोड पहुंचेगा।
- प्रात: 10.30 बजे : गुरु राजेन्द्र भवन में गुरु गुणानुवाद सभा एवं साध्वियों द्वारा सम्बोधन एवं कार्यक्रम के पश्चात भाता वितरण
- शाम 7 बजे : मंदिर में भव्य अंगरचना, श्री राजेन्द्र सूरी संगीत मंडल, विशेष सुप्रसिद्ध रोनक पटियात द्वारा विशेष भक्ति प्रस्तुति व महाआरती

**आयंबिल लाभार्थी :** अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र सूरी जैन नवयुवक परिषद शाखा बेंगलूरु द्वारा सुबह 11.30 बजे चिकपेट में आयंबिल कराया जाएगा। **व्यवस्था :** श्री राजेन्द्रसूरी जैन सेवा मंडल, श्री सिमंधर स्वामी राजेन्द्र आरती मंडल, श्री ढंढार जैन युवा एवं राजेन्द्र सूरी महिला मंडल
आप सभी गुरुभक्त सादर आमंत्रित हैं।
निवेदक - महोत्सव स्थल
श्री सीमंधरस्वामी राजेन्द्रसूरि जैन श्वेताम्बर मंदिर,
एस.वी.लेन, मामुलपेट, बेंगलोर, फोन : 22370403
श्री राजेन्द्रसूरि जैन ज्ञान मंदिर, चिकपेट, बेंगलोर
श्री गुरु राजेन्द्र भवन, किलारी रोड, बेंगलोर



# मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंदिर में अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मानसरोवर के हंस विहार मंदिर में स्वच्छ मंदिर अभियान की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मकर संक्रांति पर्व से सभी तीर्थ स्थलों में स्वच्छता अभियान की शुरुआत करने का आह्वान किया गया था, इसी के तहत मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में श्रमदान किया। शर्मा ने प्रदेशवासियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से मंदिरों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील भी की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए राज्य की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर पर जयपुर नगर निगम (ग्रेटर) महापौर सौम्या गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। एक अन्य कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के साथ रविवार को जयपुर में अभियान के तहत श्रमदान किया।

## राजस्थान के कई हिस्सों में शीतलहर जारी, पिलानी सबसे ठंडा रहा

जयपुर। राजस्थान के कई हिस्सों में रविवार को भी शीतलहर का प्रकोप बना रहा जबकि कुछ इलाकों में कोहरा के कारण आई दृश्यता की कमी के चलते वाहन चालकों परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि तीन डिग्री सेल्सियस के न्यूनतम तापमान के साथ पिलानी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू और झुंझुनूं में कोहरे के कारण दृश्यता में कमी दर्ज की गई और इन हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप भी रहा। विभाग के अनुसार रविवार सुबह चुरू में न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री, अलवर में 4.4 डिग्री, श्रीगंगानगर में 5.3 डिग्री, संगरिया में 5.6 डिग्री, फतेहपुर में छह डिग्री, सिरोही में 6.1 डिग्री, करौली में 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के एकमात्र पर्वतीय पर्यटक स्थल माउंट आबू में रविवार सुबह न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु पर दर्ज किया गया। राज्य में कई स्थानों पर रविवार सुबह न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया। राजधानी जयपुर में न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर और झुंझुनूं में कोहरा छाने के साथ दिन के समय शीतलहर चलने की संभावना है।



# दीया कुमारी ने किया पतंगोत्सव का शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने रविवार को जयपुर में मकर संक्रान्ति के अवसर पर जल महल की पाल पर आयोजित पतंगोत्सव का शुभारंभ किया। दीया कुमारी ने हवा में रंगीन गुब्बारे उड़ा कर पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से आयोजित इस पतंगोत्सव का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजस्थान पर्यटन विभाग उत्सवों के आयोजन द्वारा परंपराओं और विरासत को सहेजने का काम कर रहा है और आने वाले समय में इन आयोजनों को और भव्य एवं व्यापक पैमाने पर आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विभाग नए पर्यटन स्थलों को चिह्नित कर वहां पर पर्यटकों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने में जुटा हुआ है। आने वाले समय में पर्यटन मानचित्र पर प्रदेश के उन स्थलों को प्रमोट किया जाएगा जहां पर्यटन की प्रचुर संभावनाएं हैं और जहां पर अभी पर्यटकों की पहुंच नहीं हो सकी है। उन्होंने प्रदेश के लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों का देखा एवं उनकी हौंसला अफजाई भी की।

इस मौके विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने पतंगोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की पतंगों की भव्य प्रदर्शनी के साथ ही पतंग कैसे बनाई जाती हैं, इसका भी प्रदर्शन किया गया। शेखावत ने बताया कि पतंगोत्सव के दौरान मयूर नृत्य, अलगोजावादव एवं कच्ची घोड़ी नृत्य, लंगा गायन-भपंग वादन, कालबेलिया नृत्य, तेरहताली नृत्य, आंगी गैर नृत्य, मशकवादन, बैंड वादन, कठपुतली नृत्य, बांसुरी वादन, रावण हत्था वादन, शहनाई वादक दल आदि की प्रस्तुतियां प्रदेश के विभिन्न अचंलों से आए लोक कलकारों द्वारा दी गई।

इस अवसर पर विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, निदेशक डॉ.रश्मि शर्मा, विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. राष्ट्रदीप यादव आदि मौजूद थे। पतंगोत्सव के दौरान शहरवासियों सहित देशी-विदेशी पर्यटकों के बीच श्रीमती दीया कुमारी ने पतंग उड़ाई। पतंगोत्सव के दौरान बहुरूपिया कलाकार देशी एवं विदेशी सैलानियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। पतंगोत्सव में विदेशी सैलानियों ने मकर संक्रान्ति की परम्परागत मिठाईयों एवं पकवान दाल के पकौड़े, तिल के लड्डू और रेवड़ियों का लुत्फ उठाया वहीं पतंगोत्सव पर सैलानियों के लिए निःशुल्क पतंग व डोर का वितरण भी किया गया।

**संक्रान्ति**



जयपुर में रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किशनपोल बाजार के सौखियों का रास्ता स्थित रामेश्वरम भवन में मकर संक्रान्ति पर्व मनाया। शर्मा ने पतंग उड़ाने के साथ उपस्थित लोगों को पर्व पर बधाई दी।

## बोर्ड की परीक्षाओं में गड़बड़ी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : दिलावर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन परीक्षाओं का संचालन पारदर्शी तरीके से करने तथा नकल की रोकथाम के लिए हर संभव प्रभावी कदम उठाए जाएं। दिलावर उच्चाधिकार समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली, परीक्षाओं के संचालन संबंधित व्यवस्थाओं और प्रोटोकॉल से संबंधित प्रस्तुतीकरण के दौरान अधिकारियों को ये निर्देश दिए।

राज्य में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उच्च माध्यमिक, उच्च माध्यमिक (व्यावसायिक) एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षाएं 29 फरवरी तथा माध्यमिक, माध्यमिक (व्यावसायिक) एवं प्रवेशिका परीक्षाएं सात मार्च से शुरू होनी हैं। बैठक में इसकी समय सारणी का अनुमोदन किया गया। एक बयान के अनुसार बैठक में शिक्षा मंत्री ने कहा कि परीक्षाओं में नकल को रोकने के लिए सभी परीक्षार्थियों के लिए यह स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किये जाएं कि वे परीक्षा केंद्र पर क्या-क्या चीजें लेकर आ सकते हैं और क्या नहीं। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर नकल नहीं हो, इसके लिए सभी प्रकार की आवश्यक सावधानी बरती जाए।



# जोशी एवं कुमावत ने मंदिरों में सफाई अभियान का किया शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर राजस्थान के मंदिरों में चलाए गए स्वच्छता अभियान का रविवार को जयपुर में शुभारंभ किया।

जोशी एवं कुमावत ने इस अभियान का आगाज सिरह डयोढी बाजार स्थित श्रीरामचंद्र मंदिर से झाड़ू लगाकर किया। इस अवसर पर जोशी ने कहा कि रामलला के देशव्यापी आयोजन को सफल बनाने में राजस्थान का देवस्थान विभाग भी व्यापक स्तर पर तैयारियां कर रहा है। इसके लिए मंदिरों के बाहर एलईडी लगाकर श्रद्धालुओं को आयोजन का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इस कार्य में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन की भी भागेदारी रहेगी। देवस्थान विभाग के अलावा अन्य मंदिरों में भी स्थानीय स्तर पर भव्य आयोजन होंगे। इस मौके पर कुमावत ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि रामभक्त होने के नाते उनके लिए अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि सुशासन को समर्पित राज्य सरकार का देवस्थान विभाग ऐतिहासिक तिथि 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रदेश के हर मंदिर में सजावट, सफ़ाई, रोशनी, आरती, प्रसाद की व्यवस्था कर रहा है। इस दिन अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का सभी मंदिरों में सीधा प्रसारण होगा।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा मंदिरों में खासकर गाय के गोबर से बने दीपकों से रोशनी की जाएगी। वहीं मंदिरों में सत्संग, सुंदरकांड या हनुमान चालीसा के पाठ होंगे। साथ ही महाआरती एवं देवी-देवताओं के मूर्तियों का श्रृंगार किया जाएगा। आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण होगा। कुमावत ने बताया कि अयोध्या के महोत्सव को लेकर मंदिरों के बाहर होर्डिंग्स लगाए जाएंगे। इन सब कार्यों के लिए देवस्थान विभाग की ओर से बजट आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर्स को इस संबंध में मंदिरों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

शहरों में स्थानीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं को निजी मंदिरों में ये व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, जबकि जिला मुख्यालय पर बने राजकीय मंदिरों में देवस्थान विभाग और बड़े निजी मंदिरों में उपखंड अधिकारी या कलेक्टर स्तर पर व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। कुमावत ने बताया कि 22 जनवरी को प्रदेश के जिस मंदिर में सजावट की व्यवस्था उत्कृष्ट होगी उन मंदिरों के पुजारी एवं उस मंदिर को देवस्थान विभाग द्वारा राज्यस्तरीय सम्मान दिया जाएगा। इस पूरी पुनीत प्रकिया का सहभागी बनने के लिए प्रदेशवासी मंदिरों की सजावट के फोटो देवस्थान विभाग की वेबसाइट पर सीधे अपलोड कर सकते हैं।

## राजस्थान सरकार ने 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित किया

जयपुर। राजस्थान सरकार ने 22 जनवरी को राज्य में शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित किया है। इस दिन अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। वित्त विभाग (आबकारी) द्वारा रविवार को जारी किये गये आदेश के अनुसार 22 जनवरी को अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर राजस्थान में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। वित्त विभाग (आबकारी) के संयुक्त सचिव ने यह आदेश जारी किया है।

शुष्क दिवस घोषित होने से कुछ दिन पहले जयपुर में मांस की दुकानें बंद रखने के आदेश जारी किए गए थे। जयपुर में दो नगर निगम हैं। पिछले सप्ताह जयपुर नगर निगम हेरिटेज की महापौर मुनेश गुर्जर ने हेरिटेज क्षेत्र में मांस की सभी दुकानें 22 जनवरी को बंद रखने के आदेश जारी किए थे। इसके चार-पांच दिन बाद जयपुर नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर ने भी ग्रेटर क्षेत्र में स्थित मांस की दुकानें बंद रखने के आदेश जारी कर दिए। दोनों महापौर ने यह निर्णय राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ध्यान में रखकर लिया है।

# सैनिक सीमाओं के सजग प्रहरी ही नहीं, राष्ट्र के प्रति त्याग और समर्पण के भी प्रतीक हैं : कलराज मिश्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को कहा है कि सैनिक देश की सीमाओं के सजग प्रहरी ही नहीं हैं, वे त्याग और समर्पण के भी प्रतीक हैं। उन्होंने लोगों से राष्ट्र के लिए सर्वस्व अर्पित करने वाले पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों का हर संभव सहयोग करने एवं उनकी सेवाओं का सम्मान करने का आह्वान किया है। मिश्र रविवार को आठवें सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस पर सेना के सप्त शक्ति प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों के पहले भारतीय 'कमांडर-इन-चीफ' फील्ड मार्शल के एम करियप्पा की सेवाओं को भी इस अवसर पर विशेष रूप से स्मरण करते हुए कहा कि करियप्पा ने राष्ट्र की सेवा में जो निस्वार्थ सेवाएं दी हैं, वह सदा स्मरणीय रहेगी। उन्होंने कहा कि उनकी सेवानिवृति दिवस को इसलिए सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस के रूप में मनाने की पहल की गयी है।

मिश्र ने कहा कि सैनिक केवल अपने परिवार के बारे में नहीं सोचता बल्कि देश और समाज को सुरक्षित रखने की सदा चिंता करता है। उन्होंने कवि माखनलाल चतुर्वेदी की 'पुष्प की अभिलाषा' कविता की पंक्तियों को सुनाते हुए कहा कि जिस तरह पुष्प की अभिलाषा वीर सैनिकों के पथ पर अपने को फेंके जाने की है, वैसे ही सैनिकों की कामना भी यही रहती है कि वे राष्ट्र के लिए अपने आपको अर्पित करें।

उन्होंने सैनिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पूर्व सैनिक पेंशन और अन्य सुविधाओं को समयबद्ध और सुगम ढंग से उन तक पहुंचाए जाने और उनके कल्याण के लिए सुनियोजित तंत्र के तहत कार्य करने का भी आह्वान किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी रविवार को यहां अमर जवान ज्योति (जनपथ) पर आयोजित आठवें सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस समारोह में सम्मिलित होकर सभी सेवानिवृत्त वीर जवानों की वीरता, पराक्रम और राष्ट्र सेवा भाव को नमन किया।

सप्त शक्ति प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सेना से जुड़े अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि सैनिकों को प्रोत्साहित करते हुए उनके लिए सभी स्तरों पर प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सैनिक कल्याण विभाग के जरिए व्यावहारिक स्तर पर कार्य करते हुए सैन्य सेवाओं की समृद्धि के लिए कार्य करने का विश्वास दिलाया।

राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने सेना और सैनिकों के पराक्रम को स्मरण करते हुए कहा कि सैनिक साहस और वीरता के पर्याय होते हैं, उनसे सीख लेते हुए सभी को राष्ट्र के लिए कृतसंकल्प होकर कार्य करना चाहिए। दक्षिण पश्चिमी कमांड के ले. जनरल धीरज सेठ ने पूर्व सैनिकों के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर राज्यपाल और सैनिक कल्याण मंत्री तथा राज्य मंत्री द्वारा वीरांगनाओं, वीर मातापिता एवं वीरता तथा विशिष्ट पदक धारकों को सम्मानित किया गया। इससे पहले राज्यपाल ने सभी को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया तथा मूल कर्तव्यों को पढ़कर सुनाया। राज्यपाल ने सप्त शक्ति सेना क्षेत्र में पूर्व सैनिकों की स्मृति में पुष्प चक्र अर्पित उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# मकर संक्रांति का पर्व वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक दिन है : देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि मकर संक्रांति का पर्व बहुत बड़ा वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक दिन है। देवनानी रविवार को यहां पत्रकार कालोनी विवेकानंद स्मारक पर राजस्थान पत्रिका और वैश्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित काइट फेस्टिवल में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सबका जीवन गुड़-तिल की तरह मिठास से भरे और हरेक का जीवन ऊंचाइयों से आगे बढ़े , यही मकर संक्रांति का संदेश भी है।



उन्होंने कहा आज नया वातावरण, नयी ऊर्जा के साथ डबल इंजन की सरकार बनी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 22 जनवरी को श्रीराम का मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ नया काम होने जा रहा है। इस मौके पर मौजूद राज्य के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने भी सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए अजमेर-पुष्कर के विकास के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में सैंकडों पंतग प्रेमियों ने आकाश में पतंग उड़ा कर कार्यक्रम की सार्थकता को जीवंत किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया।

# रेतीले धोरों में ऊंट और घुड़ दौड़ देखने उमड़ा सैलानियों का हुजूम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर। बीकानेर में चल रहे ऊंट महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस महोत्सव को देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैलानी एनआरसीसी पहुंचे। इस वर्ष पहली बार इस महोत्सव में घोड़ों की दौड़ भी आयोजित की गई, साथ ही रेतीले धोरों में ऊंट और घोड़ों की दौड़ देखने के लिए सैलानियों का हुजूम उमड़ पड़ा। महोत्सव को लेकर विदेशी पर्यटकों में भी काफी उत्साह देखा गया।

ऊंट महोत्सव में राजस्थानी लोक धुन पर ऊंटों की लंबी कूद और नृत्य ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। ऊंट साज सज्जा, फर कटिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का सैलानियों ने खूब लुत्फ उठाया। सजे धजे ऊंट और फर कटिंग कर ऊंटों पर बनाई गई विभिन्न कलाकृतियां हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रही थी। लोगों में ऊंट सवारी के साथ-साथ सेल्फी लेने का क्रेज भी देख गया, एनआरसीसी की ओर से ऊंट के दूध से बने विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। लोग ऊंट के दूध से बनी आइसक्रीम, कॉफी का आनंद लेते नजर आए।

डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आइकन्स ऑफ बीकानेर के तहत पारंपरिक रंग बिरंगे परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने मिस्टर बीकानेर, मिस मरवण, मिसेज बीकाणा सहित ढोला-मरवण प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लिया, साथ ही सैलानियों को राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति से रूबरू करवाया। एक ओर जहां पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे रोबीले वीर रस से ओतप्रोत गीतों के साथ कदमताल करते दिखे, वहीं नखशिख श्रृंगार के साथ युवतियों ने मिसेज बीकाणा और मिस मरवण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, साथ ही शाम को फोक नाइट सन्स ऑफ सॉयल का आयोजन हुआ।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा जीत सकती है 450 से अधिक सीट : माणिक साहा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अगरतला/भाषा।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 450 से अधिक सीटें जीत सकती है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने 303 सीटें जबकि कांग्रेस को 52 सीटें मिली थीं। साहा ने संवाददाताओं से कहा, ऐसी अटकलें हैं कि भाजपा इस बार 404 सीटें जीत सकती है, लेकिन मेरी राय अलग है। चुनाव की स्थिति और तैयारियों को देखते हुए, हमारी सीटों की संख्या 450 के आंकड़े के करीब पहुंच सकती है। साहा ने कहा कि राज्य की दोनों संसदीय सीटों को भारी अंतर से जीतने के लक्ष्य के साथ भाजपा जमीनी स्तर पर पहले ही काम शुरू कर चुकी है।

मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों से अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान में शामिल होने की भी अपील की।

साहा ने यहां जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और परिसर में सफाई अभियान में शामिल हुए। उन्होंने एक्स पर लिखा, आज, मैं प्रधानमंत्री के आह्वान का अनुसरण करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ यहां जगन्नाथ मंदिर में स्वच्छता अभियान में शामिल हुआ... मैं राज्य के लोगों से सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान में शामिल होने की अपील करता हूं जो 22 जनवरी तक जारी रहेगा। ''ऐतिहासिक क्षण के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, पिछले 500 वर्षों से, हिंदू समाज इस क्षण का इंतजार कर रहा था। आखिरकार, पीएम मोदी के नेतृत्व में, हम सभी 22 जनवरी को मंदिर के गर्भगृह में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनेंगे।

# देश में चल रहा है तानाशाही रवैया : खरगे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इंफाल/भाषा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में तानाशाही रवैया चल रहा है तथा भाजपा लोकतंत्र खत्म कर रही है।

राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को हरी झंडी दिखाने से पहले खरगे ने यह दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर वोट मांगने आए थे, लेकिन राज्य के लोग जब हिंसा के कारण मुश्किल में आए, तो वह नजर नहीं आए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने न्याय यात्रा के जरिये ऊंची उड़ान का हौसला बनाया है। खरगे ने कहा कि राहुल गांधी चार सिद्धांतों न्याय, स्वतन्त्रता, समता और बंधुता के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, मोदी जी वोट मांगने आते हैं, लेकिन जब मणिपुर के लोग मुश्किल में आए, तो वह नजर नहीं आए। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, मोदी जी समुद्र के पास घूमते हैं और बैठकर राम राम करते है... मुंह में राम, बगल में छुरी नहीं होनी चाहिए।

खरगे ने कहा, देश में तानाशाही रवैया चल रहा है। वो लोग भी चुनकर आए हैं, हम भी चुनकर आए हैं। भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी फासीवाद को रोकने के लिए यह यात्रा निकाल रहे हैं।

# टाइगर जिंदा है, 2004 का इतिहास दोहराएगा विपक्ष : जयराम रमेश



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जीत के दावे को खारिज करते हुए कहा है कि 'टाइगर जिंदा है' और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस) 2004 का वह इतिहास इस बार दोहराएगा, जब 'भारत उदय' अभियान के बावजूद भाजपा को पराजित किया गया था।

रमेश ने 'पीटीआई-भाषा' से साक्षात्कार में कहा कि मजबूत कांग्रेस से ही मजबूत विपक्ष बन सकता है और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ यात्रा निकाली जा रही है और दूसरी तरफ चुनाव की तैयारियां जारी हैं तथा चुनाव शुरू होने से पहले तक यह यात्रा संपन्न भी हो जाएगी। इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार चुनाव जीतने के भाजपा के दावे के संबंध में सवाल किए जाने पर रमेश ने कहा कि वह उन्हें (भाजपा को) यह बताना चाहते हैं कि ''टाइगर जिंदा है। उन्होंने कहा, 2003 में हम छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव हार गए थे, लोगों ने कांग्रेस को खारिज कर दिया था, लेकिन 2004 में कांग्रेस ने सरकार बनाई। उस समय 'भारत उदय' था। इतिहास अपने आप को फिर दोहराएगा।

उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2004 की लोकसभा चुनाव में 'भारत उदय' चुनावी अभियान चलाया था। उस चुनाव में भाजपा को हार मिली थी और कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन(संप्रग) की सरकार बनी थी।

यह पूछे जाने पर कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' विपक्ष के लिए कितनी महत्वपूर्ण है, रमेश ने कहा, कमजोर कांग्रेस, मजबूत विपक्ष नहीं बना सकती। मजबूत कांग्रेस ही मजबूत विपक्ष बना सकती है। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए है।

# मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में 50 इलेक्ट्रिक बस, डिजिटल टूरिस्ट ऐप की शुरुआत की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या धाम में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हुए ई वाहनों (50 इलेक्ट्रिक बसों एवं 25 ई ऑटो) को हरी झंडी दिखाई।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने 'डिजिटल टूरिस्ट ऐप' और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट की भी शुरुआत की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या धाम में श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जन परिवहन की अच्छी सुविधा उपलब्ध हो सके, इस उद्देश्य से अयोध्या नगर निगम क्षेत्र और अयोध्या शहर में इलेक्ट्रिक-बस और इलेक्ट्रिक ऑटो, पर्यटन केंद्रित मोबाइल ऐप और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट की शुरुआत की गई है।

रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी की तिथि भारत की श्रद्धा और आस्था को सम्मान देने की तिथि है और भारत के स्वाभिमान तथा सम्मान को पुनर्स्थापित करने की भी पावन तिथि है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, जब प्रभु श्रीराम 500 वर्षों के बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो न केवल अयोध्या धाम में बल्कि पूरे देश और प्रदेश में रामराज्य की स्थापना के प्रयास को मूर्त रूप प्रदान करते हुए यशस्वी भविष्य की कामना के साथ हमें उनका आशीर्वाद भी प्राप्त होगा।

# वियतनामी जहाज के चालक दल का एक सदस्य समुद्र में गिरकर घायल

**पारादीप/भाषा।** ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर 220 करोड़ रुपए की कोकीन जब्त किए जाने के बाद हिरासत में लिए गए वियतनामी मालवाहक पोत के चालक दल का एक सदस्य रविवार को समुद्र में गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सीमा शुल्क विभाग की निगरानी में जहाज ने बंदरगाह से करीब चार से पांच किलोमीटर दूर लंगर डाला है और 21 वियतनामी चालक दल सदस्यों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि तड़के करीब तीन बजे चालक दल का एक सदस्य जहाज से समुद्र में गिर गया। अबतक तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह गलती से समुद्र में गिरा है या आत्महत्या करने अथवा भागने की कोशिश की है। पारादीप के उपमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) संतोष कुमार जेना ने कहा, घटना की सूचना मिलने के बाद हम तत्काल मौके पर पहुंचे।

# मकर संक्रांति पर गंगा सागर मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, अबतक 65 लाख ने लगाई डुबकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गंगा सागर (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल के एक वरिष्ठ मंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति पर गंगा सागर मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

राज्य के ऊर्जा और खेल विभाग के मंत्री अरूप विश्वास ने कहा कि आठ से रविवार दोपहर तक 65 लाख तीर्थयात्रियों ने गंगा सागर में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। उन्होंने कहा कि सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर यह संख्या बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि 14,000 पुलिसकर्मी तैनात करने के साथ 45 निगरानी टावर बनाए गए हैं और 1,100 से अधिक सीसीटीवी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों को नौकाओं आदि के माध्यम से सागर द्वीप तक पहुंचाया जा रहा है, जबकि मुरीगंगा नदी पर 300 'फॉग लाइट' लगाई गई हैं।

वरिष्ठ मंत्री ने कुंभ मेले की तरह गंगा सागर मेले को भी राष्ट्रीय मेला का दर्जा देने की राज्य सरकार की मांग दोहराई।

मंत्री ने कहा, अकेले राज्य सरकार के लिए वार्षिक मेले के आयोजन का भारी खर्च वहन करना बहुत मुश्किल है। बेहतर संचार के परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होने के कारण इस वर्ष मेले के दौरान 265 करोड़ रुपए से अधिक खर्च होने का अनुमान है।

मंत्री ने कहा कि मेले में असामाजिक गतिविधियों में लिप्त अब तक कुल 180 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक छह मरीजों को एयर एम्बुलेंस द्वारा कोलकाता के विभिन्न अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया है।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी रोकने के लिए 'मधुमक्खी बॉक्स' और औषधीय पौधों की बाड़



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/नई दिल्ली/भाषा।** भारत-बांग्लादेश की सीमा पर मवेशियों और मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने में जुटे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पास अब एक दूसरी प्रतिरोधक क्षमता भी होगी जिसे 60,000 से अधिक औषधीय पौधों की एक मोटी बाड़ और 40 'मधुमक्खी बॉक्स' (मधुमक्खी पेटिका) के जरिये तैयार किया जा रहा है।

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित तीन किलोमीटर लंबी बाड़युक्त सीमा के पास से सटे क्षेत्रों में यह दूसरी प्रतिरोधक पंक्ति तैयार की जाएगी।

'बाड़ पर मधुमक्खी का छत्ता' (बीहाइव्स ऑन द फेंस) को पिछले साल नवंबर में केंद्र सरकार के 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' के हिस्से के रूप में शुरू किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, इसका उद्देश्य न केवल सीमा पार से संचालित अपराधों को रोकना है बल्कि मधुमक्खी पालन और बागवानी के माध्यम से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का सृजन करना भी है।

आयुष विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि फूल वाले पौधे मधुमक्खियों के परागण के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र भी बनाएंगे।

अधिकारी ने नाम का खुलासा नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा, सीमा के पास के इस हिस्से को 'आरोग्य पथ' नाम दिया गया है और जगह-जगह 'क्यूआर कोड' चस्पा किए गए हैं जिन्हें स्कैन करने पर पौधों के बारे में विवरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि 'पथ' एक महत्व नर्सरी के रूप में दोगुना हो जाता है।

# कोहली और जोकोविच करते है एक-दूसरे का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इंदौर/भाषा। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली ने रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के साथ सोशल मीडिया से शुरू हुई दोस्ती की बातें साझा करते हुए कहा कि वह सर्बिया के इस महान खिलाड़ी का काफी सम्मान करते हैं।




यह सब तब शुरू हुआ जब कोहली सोशल मीडिया के जरिये जोकोविच को एक संदेश भेजा। उन्हें हालांकि यह देखकर आश्चर्य हुआ कि इस दिग्गज टेनिस खिलाड़ी ने पहले से ही उन्हें संदेश भेजा था। कोहली ने बीसीसीबाई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के 'एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर जारी वीडियो में कहा, मैं नोवाक के साथ बहुत ही व्यवस्थित तरीके से संपर्क में आया, मैं एक बार इंस्टाग्राम पर उनकी प्रोफाइल देख रहा था। मैं बस उन्हें अभिवादन करते हुए एक संदेश भेज दिया।

उन्होंने कहा, जब मैं उनके लिए संदेश लिख रहा था तब मुझे यह देख कर आश्चर्य हुआ कि मेरे इनबॉक्स में पहले से ही उनके अभिवादन का एक संदेश था। मैंने हालांकि कभी इसे पढ़ा नहीं था। मैंने संदेश देखने के बाद फिर से प्रोफाइल की जांच की कि कहीं यह फर्जी तो नहीं।

# मकर संक्रांति पर चित्रकूट से शुरू होगी श्रीराम चरण पादुका यात्रा





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अयोध्या (उप्र)/भाषा। श्रीराम चरण पादुका यात्रा मकर संक्रांति (15 जनवरी) से चित्रकूट से शुरू होगी, जो 19 जनवरी को रामनगरी अयोध्या पहुंचेगी। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार चित्रकूट में भरतकूप स्थित कुंड से कलश में जल संग्रह और पादुका पूजन के साथ मकर संक्रांति के दिन यह यात्रा प्रारंभ होगी। यह यात्रा प्रयागराज, शृंगवेरपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर होते हुए अयोध्या पहुंचेगी। यात्रा में शामिल लोगों का रात्रि विश्राम जनपदों में होगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। हर जनपद में श्रीराम पर आधारित चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग इसका आयोजन कर रहा है तथा इसमें भारत शक्ति संस्थान का भी सहयोग रहेगा।

श्रीराम चरण पादुका यात्रा 15 जनवरी को भरतकूप (चित्रकूट) स्थित कुंड से कलश में जल संग्रह के साथ प्रारंभ होगी। यहां से यह यात्रा चित्रकूट के विभिन्न मंदिरों से होते हुए गुजरेगी। इसमें मंदाकिनी नदी का जल संग्रह किया जाएगा। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण जी का प्रतीक पूजन एवं पादुका पूजन होगा। यहां रात्रि विश्राम कर यात्रा अगली सुबह 16 जनवरी को प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेगी।

# नड्डा ने दिल्ली के रविदास मंदिर में भाजपा के 'स्वच्छ तीर्थ' अभियान में हिस्सा लिया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने रविवार को मध्य दिल्ली के करोल बाग स्थित गुरु रविदास मंदिर में पार्टी की ओर से आयोजित 'स्वच्छ तीर्थ' अभियान में हिस्सा लिया।

नड्डा ने कहा कि भाजपा ने मकर संक्रांति से लेकर 22 जनवरी (अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा तक) तक पूरे देश में मंदिरों की साफ-सफाई का अभियान चलाने का फैसला किया है।

दिल्ली के रविदास मंदिर में अभियान की शुरुआत करने के मौके पर संवाददाताओं से बातचीत में नड्डा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर भाजपा ने मकर संक्रांति तक देशभर में कई मंदिरों और पवित्र परिसरों में सफाई अभियान चलाने का फैसला किया है और हम (पार्टी नेता और कार्यकर्ता) इसमें श्रमदान करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, आज आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर स्वच्छ तीर्थ अभियान में शामिल हुआ और नई दिल्ली स्थित करोल बाग के ऐतिहासिक रविदास मंदिर में श्रमदान किया।

नड्डा ने कहा, इस पावन स्थल पर आकर गुरु रविदास जी के समाज कल्याण को समर्पित प्रेरक जीवन और संदेशों को आत्मार्पित करने का सौभाग्य प्राप्त कर धन्य अनुभूत कर रहा हूं। उन्होंने कहा, इस अभियान के अंतर्गत हम सभी 14 से 22 जनवरी तक विभिन्न मंदिरों में श्रमदान कर रहे हैं, भजन-कीर्तन में शामिल हो रहे हैं और 22 जनवरी को अपने घरों में 'श्रीराम ज्योति' प्रज्ज्वलित कर प्रभु श्रीराम की अराधना में संलग्न होंगे।

# भारतीय निशानेबाजों ने जकार्ता में और स्वर्ण पदक जीते

**जकार्ता/भाषा।** भारतीय निशानेबाजों ने रविवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में स्वर्ण पदक जीतना जारी रखा जिसमें योगेश सिंह ने अमित कुमार और ओम प्रकाश के साथ मिलकर टीम स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने से पहले पुरुष 25 मीटर व्यक्तिगत स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में भी सोने का पदक जीता। कुवैत सिटी में शॉटगन के ओलंपिक क्वालीफायर में कम से कम दो महिला ट्रैप निशानेबाज पहले दिन के क्वालीफिकेशन के बाद सोमवार को शीर्ष छह फाइनल्स में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में थीं। योगेश ने 572 अंक से स्टैंडर्ड पिस्टल स्वर्ण पदक जीता और फिर अमित (565) और प्रकाश (553) के साथ जोड़ी बनाकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीत लिया। इससे भारत के 14 स्वर्ण और 10 रजत से कुल 32 पदक हो गए हैं।

# इयान चैपल ने टेस्ट क्रिकेट में खेल की धीमी गति की निंदा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान चैपल मानते हैं कि टी20 की बढ़ती लोकप्रियता ने टेस्ट क्रिकेट के अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है लेकिन लाल गेंद के क्रिकेट में जो चीज नुकसान पहुंचा रही है, वो है खेल की बेहद धीमी गति।

ईएसपीएनक्रिकइंफो में लिखे अपने कॉलम में चैपल ने बल्लेबाजों को क्रीज पर काफी समय बर्बाद करने का दोषी भी माना।

चैपल ने लिखा, टेस्ट क्रिकेट में खेल की गति बेहद निराशाजनक है। खेल की गति हर दिन धीमी होती जा रही है और इसमें सुधार के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कुछ मुनासिब सवाल पूछने से पहले लिखा, एक तरफ जहां बेन स्टोक्स सही में टेस्ट क्रिकेट के मनोरंजन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं लेकिन प्रशासकों की पहल की कमी के कारण इन प्रयासों को कमतर किया जा रहा है। उन्होंने पूछा, बल्लेबाजों को ओवरों के दौरान पिच के बीच में चर्चा करने के लिए मिलने की अनुमति क्यों दी जाती है ? ताकि बिना किसी सजा के वे बात कर सकें कि कौन क्या जानता है। बल्लेबाजों को यह क्यों नहीं बताया जाता है कि जब गेंदबाज गेंद डालने के लिए तैयार होता है तब उन्हें क्रीज पर अपने ही इलाके में रहने के शिष्टाचार की जरूरत है ? ''

चैपल ने कहा, अत्यधिक गर्मी को छोड़कर, बार बार नियमित ड्रिंक ब्रेक की अनुमति क्यों दी जाती है? इतनी बार दस्ताने बदलने की जरूरत क्यों पड़ती है? सिर्फ उन्हीं गेंदों के लिए 'बाउंड्री का संकेत क्यों नहीं दिया जाता जो रस्सी से टकराती हैं बल्कि बार बार निरर्थक रीप्ले चलाए जाते हैं जो क्षेत्ररक्षक के पैरों या हाथों को देखने के लिए होते हैं।

चैपल का यह भी मानना है कि डीआरएस ने भी खेल की धीमी गति में योगदान दिया है। उन्होंने लिखा, क्यों प्रशासकों को कहते सुना है कि खिलाड़ियों को अंपायर के साथ बहस नहीं करनी चाहिए?

# एफआईएच ने हॉकी में सट्टेबाजी को वैध बनाने के फैसले का बचाव किया

**रांची/भाषा।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने रविवार को स्वीडन स्थित सट्टेबाजी फर्म स्प्रिंग मीडिया के साथ चार साल के लिए भागीदारी करने के अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह खेल के विकास के लिए धनराशि जुटाने का एक जरिया है। एफआईएच ने हाल ही में स्प्रिंग मीडिया के साथ साझेदारी की है ताकि खेल प्रशंसकों को एक सट्टेबाजी पैकेज की पेशकश की जा सके जिसमें इसके सभी टूर्नामेंट शामिल होंगे जिनमें चार साल में 1300 से अधिक मैच होंगे। हॉकी जगत में इस कदम पर कई की भृकुटियां तन गईं लेकिन एफआईएच ने अपने फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि खेल की दुनिया में कानूनी सट्टेबाजी ही आगे बढ़ने का रास्ता है।

## सुविचार

**जिन्दगी हमेशा रूलाने के बहाने ढूँढती हैं, मुस्कुराने के बहाने हमें ढूंढने होते है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कांग्रेस नेतृत्व मंथन करे

कांग्रेस के एक और पुराने साथी ने 'हाथ' का साथ छोड़ दिया। मिलिंद देवरा ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर इसे अपनी 'राजनीतिक यात्रा' के एक महत्त्वपूर्ण अध्याय का समापन बताया है। देवरा परिवार का कांग्रेस के साथ लगभग साढ़े पांच दशक पुराना संबंध रहा है। मिलिंद पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे हैं। उनके पिता मुरली देवरा भी कांग्रेस के दिग्गज नेता और केंद्र में मंत्री थे। किसी पार्टी के पुराने नेता द्वारा अचानक अपने संबंधों को तोड़कर अलग रास्ता अपना लेना आसान नहीं होता। वहीं, उस पार्टी के लिए भी यह आत्मावलोकन का समय होता है। हाल के वर्षों में, मिलिंद अकेले ऐसे नेता नहीं हैं, जिन्होंने कांग्रेस छोड़ी है। उनसे पहले हार्दिक पटेल, सुनील जाखड़, आरपीएन सिंह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, कैप्टन अमरिंदर सिंह, कपिल सिब्बल, गुलाम नबी आज़ाद, जयवीर शेरगिल जैसे नेता विभिन्न कारण गिनाकर कांग्रेस से नाता तोड़ चुके हैं। इन्होंने अपनी ऊर्जा कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए लगाई थी। इनमें से ज्यादातर नेता वे हैं, जिन्होंने अपने जीवन का सबसे महत्त्वपूर्ण समय कांग्रेस को दिया था और सदैव 'पार्टी का सिपाही' बने रहने का वचन दोहराते थे। आखिर ऐसा क्या हो रहा है कि ये 'सिपाही' पाला बदल रहे हैं? कांग्रेस के नेतृत्व को इस पर जरूर मंथन करना चाहिए। मिलिंद ने जिस समय कांग्रेस से इस्तीफा दिया, वह बड़ा महत्त्वपूर्ण है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मणिपुर से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाल रहे हैं, जो मुंबई पहुंचकर समाप्त होगी, लेकिन इसी दौरान मुंबई (दक्षिण) सीट से पूर्व लोकसभा सांसद मिलिंद देवरा ने इस्तीफा देकर पार्टी को झटका दे दिया। उन्होंने सुबह कांग्रेस से रिश्ता तोड़ा और दोपहर को ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना का दामन थाम लिया।

मिलिंद साल 2019 में एमवीए की स्थापना से ही शिवसेना (यूबीटी) का विरोध करते रहे हैं, जिसका उल्लेख उन्होंने अपने पत्र में भी किया है। हाल में शिवसेना (यूबीटी) ने मुंबई (दक्षिण) लोकसभा सीट पर दावा किया था। माना जाता है कि इस दावे ने देवरा को 'असहज' कर दिया था। अब समीकरण बदल गए हैं। उनका इस सीट पर दावा मजबूत हो गया है। साथ ही आगामी लोकसभा चुनावों में 'मोदी लहर' का साथ मिलने की भी उम्मीद है। मिलिंद साल 2014 और 2019 में भी इस सीट से किस्मत आजमा चुके हैं, लेकिन वे दोनों ही बार शिवसेना के अरविंद सावंत से हार गए थे, जो ठाकरे गुट से हैं। यह पार्टी एमवीए में कांग्रेस और राकांपा की साझेदार है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्य अशोक चव्हाण कह चुके हैं कि एमवीए इस बात को लेकर 'सहमत' है कि मौजूदा सांसद को इस सीट से अलग नहीं किया जाए। उन्होंने स्वीकार किया है कि देवरा मुंबई (दक्षिण) सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं, लेकिन एमवीए मौजूदा सांसद की सीट में बदलाव करने को लेकर राजी नहीं हुई है। अगर आगामी लोकसभा चुनाव से पहले टिकट वितरण में इस पर अमल किया जाता तो मिलिंद को इस सीट से कांग्रेस का टिकट नहीं मिल पाता। वे यह सीट नहीं छोड़ना चाहते। उस स्थिति में वे या तो किसी अन्य सीट के लिए दावेदारी करते, फिर वहां नए सिरे से चुनावी तैयारी करनी पड़ती या फिर निर्दलीय लड़ते, जिसके लिए उन्हें कांग्रेस छोड़नी पड़ती! उन्होंने शिवसेना में जाकर अपने लिए नई संभावनाएं तलाश ली हैं। शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता संजय राउत भी मुंबई (दक्षिण) सीट को लेकर यह कहते हुए तीखे तेवर दिखा चुके हैं कि 'अरविंद सावंत दो बार के सांसद हैं ... उनके फिर चुनाव लड़ने में क्या गलत है? इस पर कोई समझौता नहीं होगा।' स्पष्ट है कि कांग्रेस छोड़ने के बाद मिलिंद के लिए इस सीट से (शिवसेना के निशान पर) टिकट की दावेदारी मजबूत हो गई है। वहीं, शिवसेना को भी मिलिंद के रूप में अनुभवी नेता का साथ मिल गया, जो पूर्व केंद्रीय मंत्री होने के अलावा मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे हैं। अब देखना यह होगा कि आगामी लोकसभा चुनाव में मिलिंद देवरा क्या कमाल दिखा पाएंगे!

## ट्वीटर टॉक




आठवें सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस पर सेना के सप्तशक्ती प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में माननीय राज्यपाल श्री कलराज मिश्र जी ने वीरांगनाओं, वीर माता-पिता एवं वीरता तथा विशिष्ट पदक धारकों को सम्मानित किया।

**-राज्यवर्धन सिंह राठौड़**



अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के 500 साल बाद घर वापसी के दिन को आइये हम सब मिलकर ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनाते है। 22 जनवरी के दिन अपने घरों में दीप प्रज्वलित कर दीवाली मनाते हुए प्रभु श्रीराम का स्वागत करें।

**-दीया कुमारी**



लक्ष्मणगढ़ के निकट जयपुर-बीकानेर हाईवे पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में कई लोगों के मृत होने का दुखद समाचार मिला। सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

**-सीपी जोशी**

## प्रेरक प्रसंग

# श्रेष्ठता का धर्म

एक बार धार्मिक चर्चा पर लोग अपनी-अपनी राय व्यक्त कर रहे थे। एक व्यक्ति बोला, 'मेरा तो यही मानना है कि सबसे अच्छा धर्म केवल ईसाइयों का है। ईसाई धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है जहां पर आधुनिकता एवं परंपरा का मिला-जुला परिवेश देखने को मिलता है।' सभी ने उन व्यक्ति की हां में हां मिलाई। केवल एक शांत से दिखने वाले व्यक्ति ऐसे थे जो धर्म पर अपना कोई मत प्रकट नहीं कर रहे थे। लोगों ने उनसे पूछा, 'आप भी तो अपना मत रखिए कि आपकी धर्म के बारे में क्या राय है?' व्यक्ति बोला, 'देखिए मैं आप की तरह किसी संप्रदाय को श्रेष्ठ या अनुचित बताने में विश्वास नहीं रखता। मेरा सरल-सा तर्क यह है कि मैं उस समय अच्छा महसूस करता हूं जब कोई अच्छा कार्य करता हूं और उस वक्त बुरा महसूस करता हूं जब कोई गलती करता हूं। बस यही मेरा धर्म है। इसलिए मैं आप लोगों के बीच में चुप बैठा था।' यह सुनकर वहां उपस्थित लोगों के चेहरे नीचे झुक गए। ये शांत से दिखने वाले व्यक्ति थे-अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति-अब्राहम लिंकन।

## सामयिक

# गंगासागर में होता है गंगा का सागर से मिलन

**रमेश सर्राफ धमोरा**
**मोबाइल : 9414255034**

गंगासागर में मकर संक्रान्ति पर प्रतिवर्ष बहुत विशाल मेला भरता है। जिसमें दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु गंगा सागर स्नान के लिए आते हैं। मकर संक्रांति पर जैसे ही सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। लाखों तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। कुम्भ मेले को छोडकर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। जहां मकर संक्रान्ति के मौके पर दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है।

मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रान्तियों में मकर संक्रान्ति का सबसे महत्व ज्यादा है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरु हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मान्यतानुसार जो युवतियां यहां पर स्नान करती हैं। उन्हें अपनी इच्छानुसार वर तथा युवकों को स्वेच्छित वधु प्राप्त होती है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मन्दिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भागीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं।

गंगासागर में मकर संक्रान्ति से पन्द्रह दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनिया के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री, साधु-संत आते हैं और संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। मेले की विशालता के कारण लोग इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रान्ति के दिन यहां सूर्यपूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु जी के कहने पर कपिलमुनी के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र



रूप में जन्म लेंना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरुप कपिलमुनी का जन्म हुआ जिन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे। इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इस के बाद यज्ञ के अश्वों को स्वतंत्र छोड़ा गया।

परिपाटी है कि ये जहां से गुजरते हैं वे राज्य अधीनता स्वीकार करते है। अश्व को रोकने वाले राजा को युद्ध करना पड़ता है। राजा सगर ने यज्ञ अश्वों के रक्षा के लिए उनके साथ अपने 60 हजार पुत्रों को भेजा। अचानक यज्ञ अश्व गायब हो गया। खोजने पर यज्ञ का अश्व कपिल मुनि के आश्रम में मिला। फलतः सगर पुत्र साधनरत ऋषि से नाराज हो उन्हे अपशब्द कहने लगे। ऋषि ने नाराज हो कर उन्हे शापित करते हुये अपने नेत्रों के तेज से भस्म कर दिया। मुनि के श्राप के कारण उनकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकी। काफी वर्षों के बाद राजा सगर के पौत्र राजा भागीरथ कपिल मुनि से माफी मांगने पहुंचे। कपिल मुनि राजा भागीरथ के व्यवहार से प्रसन्न हुए। उन्होने कहा कि गंगा जल से ही राजा सगर के 60 हजार मृत पुत्रों का मोक्ष संभव है। राजा भागीरथ ने अपने अथक प्रयास और तप से गंगा को धरती पर उतारा। अपने पुरखों के भस्म स्थान पर गंगा को मकर संक्रान्ति के दिन लाकर उनकी आत्मा को मुक्ति और शांति दिलाई। यही स्थान गंगासागर कहलाया। इसलिए यहां स्नान का इतना महत्व है।

पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर बना हुआ हैं। जिन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रान्ति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।

सुन्दरवन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। तूफान व ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है। यहां दलदल, जलमार्ग तथा छोटी छोटी नदियां, नहरें भी है। बहुत पहले इस स्थान पर गंगा जी की धारा सागर में मिलती थी। किंतु अब इसका मुहाना पीछे हट गया है। अब इस द्वीप के पास गंगा की एक बहुत छोटी सी धारा सागर से मिलती है। यह मेला पांच दिन चलता है। इसमें स्नान मुहूर्त तीन दिनों का होता है। यहां अलग से गंगाजी का कोई मंदिर नहीं है। मेले के लिये एक स्थान निश्चित है। कहा जाता है कि यहां स्थित कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर सागर की लहरें बहा ले गयी थी। मन्दिर की मूर्ति अब कोलकाता में रहती है और मेले से कुछ सप्ताह पूर्व यहां के पुरोहितों को पूजा अर्चना के लिये मिलती है।

गंगासागर का मेला 5 दिन तक चलता है। इस दौरान तीर्थयात्री लोग मुंडन, श्राद्ध, पिण्डदान और समुद्र में पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर था जोकि समुद्र में समा गया। 19%3 में यहाँ कपिल मुनि का नया मंदिर बना जहां श्रद्धालु दर्शन करते हैं। गंगासागर गंगा नदी का एक छोटा डेल्टा द्वीप है जिसकी आबादी करीब 2 लाख और क्षेत्रफल 282 वर्ग किमी है। सागर द्वीप के एक ओर बंगाल की खाड़ी और दूसरी ओर बांग्लादेश है। इस सुंदर द्वीप के ज्यादातर क्षेत्र में घने जंगल है। कपिल मुनि के मंदिर, आश्रम के अलावा यहाँ महादेव मंदिर, शिव शक्ति-महानिर्वाण आश्रम, भारत सेवाश्रम संघ का मंदिर, धर्मशालायें भी है। गंगासागर वास्तव में एक टापू है जो गंगा नदी के मुहाने पर स्थित है। यहां बंगला भाषी आबादी रहती है। यह पूरी तरह से ग्रामीण ईलाका है। यहां आने वाले तीर्थयात्रियों के रहने के लिए यहां पर होटल, आश्रम व धर्मशालायें है। अब पूरे वर्ष लोग यहां लोगों का आवागमन लगा रहता है। कोलकाता से पूरे मार्ग में सडक बनी हुयी है मात्र 5 किलोमीटर पानी में नाव का सफर करना पड़ता है। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन 14 व 15 जनवरी को मुख्य मेला लगता है। जिसमें लाखों लोग स्नान और पूजा करने आते हैं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गंगासागर के लिए मुरिगंगा में ब्रिज का निर्माण करवाने को प्रयासरत है। इस ब्रिज के बनने से श्रद्धालु सडक मार्ग से कचुबेरिया तक आ सकेगें। लोगों को यहां जल मार्ग से नहीं आना पड़ेगा। गंगासागर मेला किसी भी तरह कुम्भ मेले से कम नहीं है। यहां दुनियाभर से श्रद्धालु आते हैं। इस कारण गंगासागर मेले को भी कुंभ मेले जैसा दर्जा मिलना चाहिये। ताकि यहां के विकास के लिये कुम्भ मेले की तरह अलग से बजट उपलब्ध हो। जिससे इस क्षेत्र का समुचित विकास सम्भव हो पाये।

## विशेष

# कर्म सदैव होता है प्रधान

**संजीव ठाकुर**
**मोबाइल : 9009 415 415**

जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास न होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी। कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए। अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे। निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है।

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं। संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं। इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है।

मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनः तैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस, मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है। इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं, दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशा, नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती है।

## नजरिया

# पतंग खूब उड़ाइये मगर बेजुबानों का भी ध्यान रखें

**बाल मुकुन्द ओझा**
**मोबाइल : 9414441218**

त्योहारों के देश भारत में पतंगबाजी का सदियों पुराना रिवाज है। पतंगबाजी को लेकर अनेक मिथक भी सुने और पढ़े जाते है। देश के अनेक प्रदेशों में विभिन्न त्योहारों पर पतंग उड़ाई जाती है। इनमें एक प्रमुख त्योहार मक्कर संक्रांति का है। इस दिन लोग छत पर जाकर रंग-बिरंगी पतंग उड़ाते हैं। इस बार मक्कर संक्रांति का त्योहार 15 जनवरी को मनाया जा रहा है। पौराणिक मान्यता है भगवान राम ने मकर संक्रांति के दिन आकाश में पतंग उड़ाने की परम्परा को शुरू किया था। कहा जाता है कि जब भगवान राम ने पतंग उड़ाई थी उस दौरान वह पतंग इन्द्रलोक में चली गई थी। इस प्रचलन के बाद से देशभर में मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने की प्रथा शुरू हो गई। पतंगबाजी को नई फसल से भी जोड़कर देखा जाता है। पतंगबाजी आज के डिजिटल युग में सभी आयु वर्ग के लोगों को अपनी ऐतिहासिक, सामाजिक सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने का बहुत बेहतर प्रयास है। लोग अपने घरों की छतों व मैदानों में पूरी तैयारी के साथ इकट्ठा हो कर पतंग उड़ाते हैं और एक-दूसरे की पतंग काटकर आनंद लेते हैं। यह हमारे भाईचारे और कौमी एकता का सबसे बड़ा उदहारण है। इस दिन अनेक स्थानों पर पतंगबाजी उत्सव और प्रतियोगिता भी आयोजित होती है। छोटे से बड़े तक लोग इसमें भाग लेते है। पतंगों पर



राजनैतिक और सामाजिक सन्देश का आदान प्रदान भी होता है।

ज्योतिष विद्वानों के मुताबिक संक्रांति तब शुरू होती है जब सूर्य देव राशि परिवर्तन कर मकर राशि में पहुंचते हैं। कहा जाता है कि मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाने से सूर्य से भरपूर ऊर्जा और शक्ति मिलती है। इसीलिए सर्दियों में सूर्य की रोशनी के नीचे बैठना, सोना और खेलना सही माना जाता है। पतंगबाजी के दौरान शरीर हर अंग का उपयोग होता है जिससे शारीरिक व्यायाम करने का मौका भी मिल जाता है। संक्रांति पर सर्दी का जोर रहता है, ऐसे में धूप में पतंग उड़ाने से शरीर को व्यापक ऊर्जा मिलती है। साथ ही विटामिन डी भी मिलता है। वैज्ञानिकों मुताबिक धूप से सर्दियों में होने वाली स्किन संबंधी समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है।

इस दिन पूरा आसमान रंग-बिरंगी पतंगो से भर जाता है। लोग पतंग उड़ाते समय सावधानी नहीं बरतते हैं जिससे आसमान पर उड़ने वाले परिंदे और राह चलते लोग घायल हो जाते हैं। यह देखा जाता है पतंगें आसमान में कटकर पेड़ों, झाड़ियों, सड़कों या बिजली के तारों पर गिर जाती हैं। जो पक्षी इन क्षेत्रों का उपयोग बैठने के लिए करते हैं, वे मांझे में फंस जाते हैं और बचने के लिए संघर्ष करते हैं। धागा उनके पंखों, पंखों और पंजों में फंस जाता है। चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से कई बाइक सवारों की मौत हो जाती है। हर साल बड़ी संख्या मे बेजुबान पक्षी भी घायल होते हैं। अनेक राज्य सरकारों ने चाइनीज मांझे पर रोक लगा रखी है। फिर भी बाजार में यह मिल जाता है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चाईनीज मांझे का निर्माण प्लास्टिक की महीन तार के ऊपर कांच की धार व सिंथेटिक कैमिकल से होता है। जिससे इस डोर पर हार्ड कवच बन जाता है। जिससे यह न तो घिसती है व न ही टूटती है। इसकी वजह से न सिर्फ पतंगबाजी कर रहे लोगों के हाथ कट जाते हैं बल्कि गाड़ियों में यह मांझा फंसता है तो उनका बैलेंस बिगड़ता है, जिससे बाइक सवार को चोट लगती है और हादसे में मौत तक हो जाती है। हर साल हजारों की संख्या में बेजुबान पक्षी पतंगबाजी से घायल हो जाते है।

एक रिपोर्ट के अनुसार असावधानी से पतंगबाजी के फलस्वरूप , गुलाब-छल्ला वाले तोते, खलिहान उल्लू जैसे पक्षी अक्सर इन घातक पतंग डोरों का शिकार बनते हैं। इसके अलावा कौवे, कबूतर और गौरैया जैसे पक्षियों को भी नहीं बख्शा जाता है। पतंगबाजी के कारण घायल होने के बाद पेरेग्रीन बाज़, चील, लैपविंग, मोर और सारस क्रेन की कई प्रजातियों को भी बचाया गया है। मांझा गिद्धों जैसी पहले से ही संकटग्रस्त पक्षी प्रजातियों के लिए एक अतिरिक्त खतरा बन जाता है। इन पक्षियों की रक्षा और संरक्षणका दायित्व भी हमारा है। पतंगबाजी जरूर करे मगर बेजुबानों का ख्याल भी रखे। इस अवसर पर अनेक समाज सेवी संस्थाएं घायल पक्षियों के उपचार की व्यवस्था करते है, जहां घायल पक्षियों को तुरंत पहुँचाया जाना चाहिए ताकि उनका समय पर उपचार किया जा सके।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# आम चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन कम जानकारी के आधार पर किया गया : इमरान खान

इस्लामाबाद/भाषा। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए उनकी पार्टी के उम्मीदवारों का चयन बेहद 'कम जानकारी' के आधार पर किया गया और वह उनके बीच टिकट वितरण से काफी हद तक अनजान थे। 'डॉन' अखबार की एक रिपोर्ट के अनुसार, खान ने शनिवार को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में अदालती कार्यवाही में भाग लेने के बाद ये टिप्पणी की। अदालती कार्यवाही शुरू होने से पहले, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के लगभग दो दर्जन कार्यकर्ताओं और विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के नेताओं ने 71 वर्षीय खान से पार्टी की ओर से टिकट नहीं दिए जाने की शिकायत की। अखबार में कहा गया, उन्होंने उन्हें बताया कि टिकट उन्हें प्राप्त थोड़ी सी जानकारी के आधार पर दिए गए और वह उनके टिकट वितरण से वह अनजान थे। उन्होंने उन्हें समझाया कि पार्टी नेताओं के साथ एक संक्षिप्त चर्चा में 850 टिकटों के वितरण के बारे में त्वरित निर्णय लेना उनके लिए संभव नहीं था। खान ने एक बार फिर अपने प्रतिद्वंद्वी नवाज शरीफ पर 'पसंद के अंपायरों के साथ' मैच खेलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि धन शोधन करने वाला एक प्रमाणित व्यक्ति 'लंदन योजना' के तहत पाकिस्तान लौट आया और उसे सुरक्षित रास्ता दे दिया गया क्योंकि अदालतें कथित तौर पर उनके विरोधियों के प्रति उदार दिखीं। एक सवाल के जवाब में कि क्या वह कुछ हलकों के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं, पूर्व प्रधानमंत्री ने जवाब दिया कि उन्हें 18 महीने पहले बातचीत का विकल्प दिया गया था, लेकिन उन्हें कोई अंदाजा नहीं था कि 'किसके साथ' और 'किस लिए' बातचीत करनी है।

इमरान ने कहा कि चर्चा के लिए केवल एक ही मुद्दा बचा है जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोजित करने का है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के दो वरिष्ठ न्यायाधीशों के इस्तीफे पर चिंता जताई। इमरान को लगता है कि पीटीआई के चुनाव चिह्न 'बल्ला' के खिलाफ किए जा रहे सभी प्रयासों का उद्देश्य चुनाव से पहले पार्टी को कमजोर करना है, लेकिन चाहे कुछ भी हो जाए, पार्टी आखिरी गेंद तक लड़ेगी।

खान की टिप्पणी शनिवार को उच्चतम न्यायालय के उस फैसले से पहले आई है, जिसमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अंतर-पार्टी चुनावों को अमान्य घोषित कर दिया गया और पार्टी को उसके चुनाव चिह्न 'बल्ला' से वंचित कर दिया गया।

## शिविर




नई दिल्ली में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान रविवार को दिल्ली के पांडव नगर में चिकित्सा शिविर का एक दृश्य।

# ट्रंप ने आयोवा कॉकस से पहले रामास्वामी की सार्वजनिक रूप से आलोचना की

वाशिंगटन/भाषा। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी की दौड़ में पहली बार अपने प्रतिद्वंद्वी विवेक रामास्वामी की सार्वजनिक तौर पर आलोचना की है।

इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी हासिल करने के लिए ट्रंप को रामास्वामी कड़ी टक्कर दे रहे हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि भारतीय अमेरिकी उद्यमी नामांकन हासिल करने के लिए ''कपटपूर्ण अभियान के हथकंडे'' अपना रहे हैं। ट्रंप की यह टिप्पणी सोमवार को आयोवा कॉकस (पार्टी की होने वाली बैठक में उम्मीदवार को लेकर सदस्यों के विचार करने) होने से पहले आई है। यह राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार चुनने के लिए रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी में चलने वाली लंबी प्रक्रिया की शुरुआत है।

पूर्व राष्ट्रपति की यह टिप्पणी रामास्वामी (38) द्वारा कई टिप्पणी और पोस्ट किए जाने के बाद आई है। रामास्वामी की टिप्पणी से ट्रंप और उनकी टीम नाराज है।

रामास्वामी के अभियान के दौरान लोगों द्वारा पहनी जाने वाली टी-शर्ट पर लिखे नारे से ट्रंप खासे नाराज हैं।

## न्याय यात्रा



इंफाल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए इंफाल पहुंचे।

# चीन की तुलना में नेपाल का भारत के साथ संबंध अधिक प्रगाढ़ : बिमलेन्द्र

जनकपुर (नेपाल)/भाषा। नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बिमलेन्द्र निधि ने कहा है कि क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत और चीन जैसे बड़े देशों के बीच स्थित नेपाल पर दोनों पड़ोसी देशों का प्रभाव है, लेकिन 'बेटी-रोटी' का संबंध होने के कारण तुलनात्मक रूप से नेपाल का सांस्कृतिक, भौगोलिक और राजनीतिक संबंध भारत से अधिक प्रगाढ़ है।

बिमलेन्द्र निधि ने 'पीटीआई वीडियो' से साक्षात्कार में कहा, नेपाल, भारत और चीन के बीच स्थित है। भारत और चीन आकार में बड़े हैं। दोनों देशों का प्रभाव नेपाल पर है, (साथ ही) नेपाल का भी दोनों देशों पर प्रभाव है। उन्होंने कहा कि दुनिया के नक्शे को देखें, तो आकार में नेपाल छोटा देश नहीं है। नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री ने कहा, तुलनात्मक रूप से देखें तो नेपाल का सांस्कृतिक, भौगोलिक और राजनीतिक संबंध भारत से अधिक प्रगाढ़ है। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल के बीच खून का रिश्ता है।

निधि ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच 'बेटी-रोटी' का रिश्ता है, जो काफी करीबी और बेहद प्रगाढ़ है, जबकि ऐसा (करीबी) संबंध चीन के साथ नहीं है।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले पुरी में जगन्नाथ मंदिर गलियारे का लोकार्पण

पुरी/भाषा। ओडिशा के सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने पुरी स्थित प्रतिष्ठित जगन्नाथ मंदिर के चारों ओर 800 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित आयताकार परिक्रमा पथ को अगले कुछ दिन में जनता को समर्पित करने के बाद आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के लगभग 10,000 मंदिरों व विभिन्न पूजा स्थलों के जीर्णोद्धार का खाका तैयार कर पूरे प्रदेश का माहौल 'जय जगन्नाथ' मय करने की तैयारी कर ली है। बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर और उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर विकसित जगन्नाथ मंदिर की चारदीवारी के 75 मीटर के गलियारे का उदघाटन अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले 17 जनवरी को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के हाथों होगा। उदघाटन समारोह में देश की कुछ नामचीन हस्तियों व शंकराचार्यों और सभी प्रमुख मंदिरों के शीर्ष प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।

हिंदू धर्म के अनुसार, पुरी देश के चार पवित्र धामों में से एक है। यहां भगवान जगन्नाथ यानी श्रीकृष्ण, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ विराजते हैं। संबंधित पहल का उद्देश्य इस महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराना है ताकि यहां उन्हें अच्छे से अच्छा अनुभव हो तथा इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को और भी मजबूती मिले। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार पूरे प्रदेश में लगभग 10,000 पूजा स्थलों के नवीनीकरण का काम भी कर रही है और इन पर करीब 4,000 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे।

उनके अनुसार, 18 जनवरी से लगभग 15 दिन तक राज्य से प्रतिदिन 10,000 तीर्थयात्रियों को मंदिर यात्रा की सुविधा भी प्रदान की जाएगी और इस उद्देश्य के लिए कुल 20 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है।

पुरी के जिलाधिकारी समर्थ वर्मा ने यहां बताया कि 'श्री मंदिर परिक्रमा प्रकल्प' मुख्यमंत्री पटनायक का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' है और इसे तीन साल में ही पूरा कर लिया गया। उन्होंने बताया कि परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए भूमि अधिग्रहण सबसे चुनौतीपूर्ण काम था क्योंकि मंदिर परिसर के इर्द-गिर्द घनी आबादी थी जो पीढ़ियों से यहां रह रही थी। उन्होंने कहा, लेकिन सिर्फ एक महीने के भीतर करीब 26 एकड़ भूमि अधिग्रहीत कर ली गई। किसी ने कोई विरोध नहीं किया और लोगों ने प्रभु जगन्नाथ के लिए खुशी-खुशी अपने घर, मकान और जमीन दे दिए।

वर्मा ने बताया कि सभी लोगों का विभिन्न स्थलों पर पुनर्वास करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि परियोजना के लिए कुल 4.88 एकड़ निजी भूमि का अधिग्रहण किया गया है, जिसमें 445 दुकानें, 30 लॉज और 19 मठ थे। इसके अलावा 49 अतिक्रमण हटाए गए हैं तथा 659 रेहड़ी-पटरी वालों को स्थानांतरित किया गया है। परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण नवंबर 2019 में शुरू हुआ था। पटनायक ने नवंबर 2021 में परियोजना की आधारशिला रखी थी। वर्मा ने बताया कि परिक्रमा पथ के निर्माण और सौन्दर्यीकरण पर कुल 300 करोड़ रुपए जबकि लोगों के पुनर्वास पर करीब 500 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। उन्होंने कहा कि उदघाटन समारोह तीन दिन तक चलेगा जो 15 जनवरी को शुरू हो जाएगा। इस दौरान कई प्रकार के यज्ञ और पूजा पाठ व अन्य अनुष्ठान होंगे।

वर्मा के मुताबिक, 17 जनवरी को मुख्य आयोजन होगा और इस दौरान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक परियोजना का उदघाटन करेंगे जबकि पुरी गजपति महाराज दिव्यसिंह देव तीन दिन चलने वाले यज्ञ की पूर्णाहुति करेंगे। आधिकारिक बयान में कहा गया कि उदघाटन के दौरान वेदांग पंडित चार मंदिर द्वारों- सिंहद्वार, हस्तीद्वार, व्याघ्रद्वार और अश्वद्वार पर मंत्रों का जाप करेंगे तथा प्रत्येक द्वार पर 15 पंडित होंगे।

उदघाटन में शामिल होने के लिए देश के कोने-कोने से पुजारी, संत और धार्मिक नेता आएंगे तथा यज्ञ स्थल पर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस परियोजना के तहत कई पार्किंग स्थल, श्री सेतु नाम का एक पुल, श्रद्धालु केंद्र, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक नई सड़क, शौचालय, पीने का पानी, सामान रखने का कक्ष, हाथ व पैर धोने की सुविधाएं, आराम के लिए आश्रय मंडप आदि बनवाए गए हैं।

जगन्नाथ मंदिर के पुजारी विनायक दास महापात्र ने पीटीआई-भाषा को बताया कि परिक्रमा प्रकल्प के पूरा हो जाने से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की तादाद में निश्चित तौर पर वृद्धि होगी और स्थानीय लोगों की आय बढ़ेगी।

# रूपाली गांगुली ने ओंकारेश्वर के किए दर्शन

मुंबई/एजेन्सी

'साराभाई वर्सेज साराभाई', 'अनुपमा' और अन्य फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर एक्ट्रेस रूपाली गांगुली ने ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर मंदिरों की अपनी हालिया यात्रा की कुछ तस्वीरें साझा की। रूपाली ने इस साल की आध्यात्मिक शुरुआत जम्मू के कटरा में वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन से की। हाल में उन्होंने मध्य प्रदेश में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और ओंकारेश्वर मंदिर के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। रूपाली ने इंस्टाग्राम पर अपनी आध्यात्मिक यात्रा की कुछ तस्वीरें साझा की। तस्वीरों में उन्हें येलो कुर्ता सेट और लाल जैकेट पहने देखा जा सकता है। उन्होंने हाई पोनीटेल बनाई हुई हैं, और वह कैमरे के लिए मुस्कुरा रही है। कैप्शन में, 'यस बॉस' एक्ट्रेस ने लिखा: हमेशा आभार। जय महाकाल'' रूपाली इन दिनों शो 'अनुपमा'



में लीड रोल में नजर आ रही हैं। यह शो बंगाली सीरीज 'श्रीमोयी' पर आधारित है। इसमें वनराज के रूप में सुधांशु पांडे, मदालसा शर्मा और गौरव खन्ना भी हैं। यह स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।




# कैप्टन मिलर पर भारी पड़ी प्रशांत वर्मा की 'हनुमान'

मुंबई/एजेन्सी

साउथ स्टार तेजा सज्ञा की फिल्म 'हनुमान' रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर छा गई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स की ओर से अच्छा खासा रिस्पांस मिला है। फिल्म में तेजा सज्ञा की एक्टिंग को सभी ने खूब पसंद किया। थिएटर में जय श्रीराम के नारे खूब लगे। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने अपना डंका बजा दिया है। करीब 25 करोड़ के बजट में बनी फिल्म 'हनुमान' ने ओपनिंग डे पर कमाल की बिजनेस किया है। इसने इंडिया में 10 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट की मानें तो 'हनुमान' ने ओपनिंग डे पर इंडिया में 11.91 करोड़ का बिजनेस किया। जबकि फिल्म हिंदी में 2 करोड़ कलेक्शन रहा। तमिल में 0.03 करोड़, कन्नड़ में 0.02 करोड़ और मलयालम में 0.01 करोड़ का बिजनेस किया है। इसके साथ ही 'हनुमान' का डंका देश के अलावा देश में भी खूब बजा है। यूएसए में फिल्म ने 550ज्ञ डॉलर का कलेक्शन किया है। बहरहाल, अब फिल्म के पहले शनिवार और रविवार के कलेक्शन पर सबकी नजरें हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि पहले वीकेंड पर फिल्म अच्छा खासा कलेक्शन कर लेगी। 'हनुमान' को बुक माय शो में 10 में से 9.7 रेटिंग मिली है। इसे हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में भी रिलीज किया गया है। वहीं, अगर फिल्म में स्टारकास्ट और उनके रोल के बारे में बात करें तो इसमें तेजा सज्ञा ने क्रपींारपींहीं का रोल प्ले किया है। 'हनुमान' का निर्देशक प्रशांत वर्मा ने किया है। इसमें तेजा सज्ञा के अलावा अमृता अय्यर, वारालक्ष्मी सरथकुमार, विनय राय और राज दीपक शेट्टी अहम भूमिका में हैं। इसका निर्माण प्राइम शो एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है।




# 'गुंटूर कारम' बनी वर्ष की पहली बड़ी ओपनर फिल्म

मुंबई/एजेन्सी

महेश बाबू स्टारर फिल्म 'गुंटूर कारम' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। फिल्म 12 जनवरी को लंबे इंतजार के बाद आखिरकार थिएटर्स में रिलीज हो गई है। महेश बाबू काफी लंबे समय से पर्दे से दूर थे। वे आखिरी बार साल 2022 की फिल्म 'सरकारू वारी पट्टा' में दिखाई दिए थे और साल 2023 में महेश बाबू की कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई।

साल 2024 की शुरुआत में ही उनकी फिल्म 'गुंटूर कारम' रिलीज हो गई है जिसने रिलीज के साथ ही रिकॉर्ड बना लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक 'गुंटूर कारम' ने पहले ही दिन 42 करोड़ की शानदार ओपनिंग की है। पहले दिन की कमाई के साथ फिल्म ने साल 2024 की सबसे बड़ी ओपनर का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

महेश बाबू की गुंटूर कारम ने अपने ओपनिंग कलेक्शन के साथ सनी देओल की पिछले साल रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जहां गुंटूर कारम ने पहले दिन 42 करोड़ कमाए हैं तो वहीं गदर 2 ने 40 करोड़ रुपए की ओपनिंग की थी।

महेश बाबू की गुंटूर कारम ने अपने ओपनिंग कलेक्शन के साथ सनी देओल की पिछले साल रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जहां गुंटूर कारम ने पहले दिन 42 करोड़ कमाए हैं तो वहीं गदर 2 ने 40 करोड़ रुपए की ओपनिंग की थी।

गुंटूर कारम को त्रिविक्रम श्रीनिवास ने निर्देशन किया है। फिल्म में महेश बाबू लीड रोल में नजर आए हैं तो वहीं उनके साथ श्रीलीला और मीनाक्षी चौधरी भी अहम भूमिका में हैं। इसके अलावा जगपति बाबू, राम्या कृष्णन और जयराम भी फिल्म का हिस्सा हैं।



# फिल्म 'तुम जो मिल गए हो' की शूटिंग अगले महीने से होगी शुरू

मुंबई/वार्ता

डी एल जी फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही निर्माता दीपक भोजपुरिया की फिल्म 'तुम जो मिल गए हो' की शूटिंग अगले माह से प्रयागराज में की जाएगी। फिल्म तुम जो मिल गए हो में प्रिंस सिंह राजपूत और पायस पंडित की जोड़ी नज़र आएगी।निर्माता दीपक भोजपुरिया ने बताया की डी एल जी फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही फिल्म 'तुम जो मिल गए हो' की शूटिंग 28 फ़रवरी से जिला प्रयागराज के फूलपुर में की जाएगी। फिल्म के प्री प्रोडक्टिंग का काम लगभग पूरा हो चुका है।फिल्म बहुत बड़े पैमाने पर बन रही है। मुझे निर्देशक अजय कुमार पर पूरा विश्वास है की एक बेहतरीन भोजपुरी फिल्म बना कर आप लोगो के समक्ष लेकर आएंगे। प्रिंस सिंह राजपूत एक अच्छे कलाकार के साथ साथ एक अच्छे इंसान है जो मुझे समय समय पर गाइड करते रहते है। फिल्म तुम जो मिल गए हो के लेखक अनिल विश्वकर्मा ,निर्देशक अजय कुमार ,संगीत श्याम गुप्ता ,गीतकार शेखर मधु ,गायक आलोक कुमार ,प्रसून यादव, फाइट मास्टर दिनेश यादव हैं। इस फिल्म में प्रिंस सिंह राजपूत ,पायस पंडित ,माही खान, संजय वर्मा बालेश्वर सिंह ,इन्द्रसेन यादव हैं।

# सलमान, सचिन तेंदुलकर ने इरा-नूपुर के प्रीतिभोज में शिरकत की

मुंबई/भाषा

शाहरुख खान, सलमान खान, सचिन तेंदुलकर, माधुरी दीक्षित और जूही चावला समेत कई जानी-मानी हस्तियों ने अभिनेता आमिर खान की बेटी इरा खान और फिटनेस ट्रेनर नूपुर शिखरे के प्रीतिभोज में शिरकत की। अभिनेता आमिर खान और प्रोड्यूसर रीना दत्ता की बेटी इरा और नूपुर ने राजस्थान के उदयपुर में ईसाई रीति रिवाजों से आठ जनवरी को शादी की थी। उनका विवाह समारोह तीन दिन तक चला था जिसमें संगीत, मेहंदी और विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रेखा, जया बच्चन, हेमा मालिनी, रणबीर कपूर, माधुरी दीक्षित नेने, कैटरीना कैफ, कंगना रनौत, नागा चैतन्य, अनिल कपूर, सोनाली बेंद्रे, फरहान अख्तर, जोया अख्तर, सुनिधि चौहान, कार्तिक आर्यन, सुष्मिता सेन, श्वेता तिवारी, भूमि पेडनेकर और कपिल शर्मा भी शनिवार शाम को यहां नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र (एनएमएससीसी) में आयोजित प्रीतिभोज में नव-दंपति को आशीर्वाद देने पहुंचे।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ ही उद्योगपति दंपति नीता अंबानी और मुकेश अंबानी भी प्रीतिभोज में शामिल हुए। समारोह में इरा ने कढ़ाई वाला लाल रंग का लहंगा और नूपुर ने काले रंग की शेरवानी जैकेट और धोती पहनी थी। इरा आमिर खान और उनकी पहली पत्नी दत्ता की बेटी हैं। उनका एक बड़ा बेटा भी है। समारोह में दुल्हन के भाई जुनैद और सौतेले भाई आजाद राव खान ने भी अपनी चमक बिखेरी। आमिर की दूसरी पूर्व पत्नी और फिल्म निर्माता किरण राव प्रीतिभोज में शामिल नहीं हुईं। इससे पहले इरा ने तीन जनवरी को उपनगर मुंबई में एक पांच सितारा होटल में नूपुर के साथ अपनी शादी का पंजीकरण कराया था। दोनों तीन साल से एक-दूसरे के साथ हैं और उन्होंने नवंबर 2023 में सगाई की थी।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

यहां श्री ब्यावर संघ युवा शाखा द्वारा यहां संक्रान्ति के अवसर पर संक्रान्ति महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें ब्यावर शहर के अनेक प्रवासी परिवारों ने साथ मिलकर खुशियां मनाई। कार्यक्रम में सदस्यों ने परस्पर सभी को सन्क्रान्ति के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां दी।








# आनंद महोत्सव

बेंगलूर के पैलेस ग्राउंड स्थित सभागार में सिद्ध गुरु को 84 वें अवतरण दिवस के मौके पर श्री आनंद महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्य के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने अवतरण दिवस पर सिद्ध गुरु ने ज्ञान, धर्म व प्रभु की महिमा का गान किया। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# ब्यावर संघ युवा शाखा के पुनः ललित डाकलिया बने अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां श्री ब्यावर संघ युवा शाखा द्वारा यहां संक्रान्ति के अवसर पर संक्रान्ति महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें ब्यावर शहर के अनेक प्रवासी परिवारों ने साथ मिलकर खुशियां मनाई। कार्यक्रम में सदस्यों ने परस्पर सभी को सन्क्रान्ति के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां दी।

इससे पूर्व युवा् शाखा के समस्त सदस्यों की साधारण सभा आयोजित की गई जिसमें आगामी दो वर्षों के लिए ललित डाकलिया को पुनः अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष विकास खटोड़ ने अध्यक्ष पद हेतु ललित डाकलिया का नाम प्रस्तावित किया जिसे युवा शाखा के समस्त सदस्यों ने एक सुर में समर्थन प्रदान किया।

बैठक के प्रारम्भ में मनीष बाफना और नरेश बोहरा द्वारा मंगलाचरण के पश्चात पधारे हुए समस्त सदस्यों का स्वागत अभिनंदन करते हुए ललित डाकलिया ने सम्पूर्ण कार्यकारिणी का सहयोग प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त किया।

महामंत्री कुलदीप छाजेड़ ने पिछले दो वर्षों के कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए युवा शाखा द्वारा किए गए कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। कोषाध्यक्ष नमित कोठारी और सहकोषाध्यक्ष भरत कोठारी ने आय-व्यय का हिसाब किताब प्रस्तुत किया जिसे सभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया। सभा के दौरान प्रतीक गादिया, मनीष बाफना, सुशील बाफना, वर्धमान श्रीश्रीमाल, लकी बोहरा, कुनाल मरलेचा, मनीष मेडतवाल आदि सदस्यों ने युवा शाखा बनने के पश्चात किए गए कार्यक्रमों के बारे में बताया।

सभा में उपस्थित ब्यावर संघ के अध्यक्ष पदमचंद बोहरा ने नव नियुक्त युवा अध्यक्ष का माला से अभिनन्दन किया और आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रदान की और कहा कि ब्यावर संघ और युवा शाखा मिलकर संघ की गरिमा को उत्तरोत्तर प्रगति की और लेकर जाने का लक्ष्य रखना होगा। ब्यावर संघ के अरविन्द कोठारी और अरविन्द खिंवसरा ने भी शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि हमें संघ समाज में समर्पण की भावना से कार्य करते हुए कार्यों को आगे बढ़ाना होगा। कार्यक्रम का सफल संचालन अरिहन्त छाजेड़ ने किया।




# भोजपुरी समाज ने अपना स्थापना दिवस मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां भोजपुरी समाज सेवा समिति (रजि) बेंगलूरु ने आस्टिन टाऊन स्थित राजा राजेश्वरी कल्याण मंडपा में मकर संक्रांति समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़े संख्या में समाज के बंधुओं ने भाग लिया। भजन कीतर्न तथा दही चिउड़ा के भोज का सभी के आनंद उठाया।

स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं चेयरमैन संजय सिंह उज्जैन एवं उनकी धर्मपत्नी चन्दा सिंह उज्जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य हेतु इंदू सिंह तथा मनोरंजन कुमार सिंह को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर आजीवन सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों को भी समिति का डायरी, गीता तथा हनुमान चालीसा प्रदान कर अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।

समारोह में अनिल सिंह सिकरवार, सुनील सिंह, सुश्री प्रियंका झा, नितेश शरण, श्री मुन्ना सिंह, डा जयदेव, श्री रमेश सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे जिन्हें मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

वार्षिक बैठक के प्रारम्भ में संस्थापक संजय सिंह उज्जैन ने उपस्थित जनसमूह को मकर संक्रांति एवं वेटरन दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा नये कार्यकारिणी का चुनाव करवाया। जिसमें राकेश पटेल को महामंत्री एवं अध्यक्ष ट्रस्ट बोर्ड, जीतेन्द्र मोहन सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमरेंद्र ओझा को उपाध्यक्ष, रामाशंकर को मुख्य संयोजक एवं सलाहकार, जयप्रकाश सिंह को संयोजक, यूपी शर्मा को सह संयोजक, एल पी सिंह को महामंत्री, गिरीश चन्द्र पाण्डेय को सचिव, प्रवीण पाण्डेय को सचिव (सूचना एवं प्रसारण), प्रमोद कुमार को उपसचिव, जेबी सिह को कोषाध्यक्ष, मनोरंजन कुमार सिंह एवं अजय सिंह को सह कोषाध्यक्ष, चन्द्रशेखर सिंह को उपकोषाध्यक्ष (लेखा), शिवशंकर साह एवं डीके साव को उपकोषाध्यक्ष (स्टोर प्रभारी), सुधाकर कुमार को लेखा परीक्षक, संजय शर्मा को सांस्कृतिक कार्यक्रम मंत्री, मनी कुमार महतो को संगठन मंत्री, निर्मल कुमार सिंह को सह संगठन मंत्री, सुनील कुमार को मिडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। नये कार्यकारिणी को संगठन के चेयरमैन संजय सिंह उज्जैन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। ट्रस्ट बोर्ड में एल पी सिंह, अमरेन्द्र ओझा, प्रेमशीला सिंह, सुनीता पांडेय को शामिल किया गया। कार्यक्रम के समापन भाषण में सचिव गिरीश पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम अध्यक्ष संजय शर्मा, महासचिव एलपी सिंह सहित सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।



# गौड़ ब्राह्मण संघ की साधारण सभा सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय गौड़ ब्राह्मण संघ की साधारण सभा 14 जनवरी को गौड़ ब्राह्मण संघ के कार्यालय पर संपन्न हुई। इस अवसर पर गौड़ ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष चुनीलाल नाथोलिया, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, सचिव अनिल शर्मा ने भगवान परशुराम के चित्र समक्ष गणेश वंदना व गायत्री मंत्र के द्वारा भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की।

सभा में विशेष अतिथि के रूप में शशिकांत शर्मा को मंच पर आमंत्रित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने ध्वनि मत से समर्थन कर स्वागत किया। सभा की अध्यक्षता के लिए सुनील शर्मा को भी आमंत्रित किया। विशेष अतिथि एवं सभा अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया गया। दिवगंत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। समाज में हुए मांगलिक कार्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कार्रवाई शुरू की गई। पिछले साल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। समाज की गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी गयी। नए सदस्य भी समाज में जुड़े है उनके बारे में बताया गया। महिला समिति व युवा संग द्वारा किए जा रहे 'रसोई सेवा कार्य' के बारे में सभी को बताया गया। साथ ही भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। बैठक में सभी प्रस्तावों पर मौजूद सदस्यों ने सहमति दी। इसी के साथ सभा के अध्यक्ष ने अपने विचारों से समाज के सदस्यों को अवगत कराया। तत्पश्चात गौड़ ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष चुन्नीलाल नाथोलिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



# साध्वी धर्मप्रभा का चातुर्मास हनुमंतनगर संघ में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


बेंगलूरु। यहां वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के पदाधिकारियों ने चेन्नई के मरुधर केसरी वैयावच्च केन्द्र सिंगपेरुमाल कोईल में विराजित महासती श्री धर्मप्रभाजी एवं श्री स्नेहप्रभाजी म. सा. के दर्शन लाभ लिए।

इस मौके पर साध्वीद्वय के सान्निध्य में हनुमंतनगर संघ के अध्यक्ष गौतमचन्द सिंघवी ने विनंती पत्र को पढ़कर प्रेषित किया। मंत्री सुरेश धोका ने प्रवर्तक सुकनमुनिजी म. सा. द्वारा प्रेषित आज्ञा प्रत्र का वांचन किया। तत्पश्चात महासतीश्री धर्मप्रभाजी म. सा. ने श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर की चातुर्मास विनती को स्वीकारते हुए संघ से पधारे पदाधिकारियों एवं वेलाचेरी, साहुकारपेट, विल्लीवाक्कम, माधावरम्, ताम्बरम्, मरमलैनगर आदि क्षेत्रों से उपस्थित श्रावक श्राविकाओं के समक्ष हनुमंतनगर बेंगलूरु को चातुर्मास प्रदान किया।

इस मौके पर हनुमंतनगर के संघ अध्यक्ष गौतमचन्द सिंघवी के नेतृत्व में मार्गदर्शक हुक्मीचन्द कांकरिया, उपाध्यक्ष नेमीचन्द दक, पारसमल दुगड़, मंत्री सुरेश बोहरा, कोषाध्यक्ष धनराज मुथा, कार्यकारिणी सदस्य सुशील बोहरा, सुभाषचन्द मुथा, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष शीतल रांका, किशोर बाफना आदि उपस्थित थे। इसके अलावा चेन्नई के विभिन्न संघों के पदाधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित थे।

## स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु मे कामाक्षीपाल्या स्थित अय्यप्पा स्वामी भक्त मंडली द्वारा आयोजित पांचवे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर रक्तदान शिविर, नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम एवं अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मारूति मेडिकल के प्रमुख एवं गौसेवक महेंद्र मुणोत ने भगवान अय्यप्पा स्वामी की विशेष पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।



# सीपीएस दीक्षांत समारोह में संभागियों ने दिखाया अपना हुनर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के तत्वावधान में तेरापंथ युवक परिषद् बेंगलूरु द्वारा तेरापंथ भवन गांधीनगर में सप्त दिवसीय कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पीकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का दीक्षांत समारोह रविवार को तेरापंथ भवन गांधीनगर में अभातेयुप उपाध्यक्ष प्रथम पवन मांडोत की अध्यक्षता में नमस्कार महामंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ शुरू किया गया। पवन मांडोत ने कार्यक्रम के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की एवं श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया। प्रज्ञा संगीत सुधा के साथियों ने विजय गीत का संगान किया। तेयुप बेंगलुरु के अध्यक्ष रजत बैद ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। सीपीएस संभागियों ने मंच संचालन का प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी। हर्षिता जैन, ऋषि गोयल, गगन संचेती, सविता रायल एवं प्रदीप चोपड़ा को श्रेष्ठ पांच वक्ता के तौर पर पुरस्कृत किया।

मुख्य अतिथि सुनील बाफना, मुख्य प्रशिक्षक अरविंद मांडोत, प्रशिक्षक भव्य बोथरा, राष्ट्रीय सीपीएस प्रभारी दिनेश मरोठी, प्रायोजक डालमचंद सिद्धार्थ दीपक सुराणा ने कार्यशाला के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए। परिषद द्वारा सभी का सम्मान किया गया। विमल धारीवाल, प्रतीक जोगड़, संध्या श्रीश्रीमाल को बेहतरीन प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में परिषद के पूर्व अध्यक्ष, अभातेयुप साथीगण, परिषद पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रावक श्राविका समाज की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संयोजक आदित्य मांडोत का सराहनीय श्रम लगा। आभार ज्ञापन मंत्री रोहित कोठारी ने किया।

इससे पूर्व अभातेयुप के आयाम फिट युवा हिट युवा के अंतर्गत सत्र 2023-25 के देश के प्रथम हेल्थ क्लब का शुभारंभ एवं तेरापंथ युवक परिषद बेंगलूरु के नवीनीकृत कार्यालय का लोकार्पण अभातेयुप उपाध्यक्ष पवन मांडोत एवं परिषद अध्यक्ष रजत बैद द्वारा किया गया।

# गुरुवर्या चरित्रप्रभा के गुणों का गान जितना करें कम है : डॉ. प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। यहां अक्कीपेट के वर्धमान स्थानक वासी जैन श्रावकसंघ के तत्वावधान में साध्वीश्री डॉ. प्रतिभाश्रीजी के सान्निध्य में रविवार को मकर संक्रांति के मौके पर साध्वी उपप्रवर्तनी श्री चरित्रप्रभाजी म. सा. की द्वितीय स्मृति दिवस गुणगान दिवस के रूप में मनाई गई।

इस मौके पर डॉ. प्रतिभाश्रीजी ने कहा कि आज का दिन उपकार स्वीकार करने का दिन है। गुरु अनगढ़ पत्थर को तरास कर मूर्ति का रूप देते हैं। मां जन्म देती है बच्चे को उसमें संस्कार भरती है पर गुरु उसके जीवन का निर्माण करते हैं। जीवन का दिग्दर्शन कराते हैं। गुरुवर्या की वाणी में ओज था तेज था।

गुरुवर्या की वाणी को जो एक बार सुनता और उनके दर्शन करता वह गुरुवर्या के चरणों में बार-बार आने के लिए आतुर हो जाता था। हमारे मोबाइल में तीन सिस्टम होते हैं डिलीट, सेव और फॉरवर्ड। वैसे ही गुरुवर्या कषाय रूपी बुराई को डिलीट करते थे, सद्गुणों को फॉरवर्ड करते थे और अच्छी बातों को सेव करते थे। गुरु में गुण अनंत होते हैं पर उनके गुणों को शब्दों में बयां करना नामुमकिन है।

साध्वी आस्थाश्रीजी ने कहा कि हमारी दादी गुरुणीमैया का जीवन दीपक के समान था। जैसे एक दीपक हजारों दीपक को प्रज्वलित कर सकता है वैसे ही गुरुणीमैया ने अपने जीवन का तो उद्धार किया है साथ ही साथ उनके संदेश में आने वाले हर व्यक्ति की आत्मा का कल्याण किया। साध्वी ऋषिताश्रीजी ने बताया कि दादी गुरुणीमैया का जन्म मेवाड़ की पावन धरती पर बड़गुंदा ग्राम में हुआ। मेवाड़ की धरती शूरवीरों की धरती है। गुरुणीमैया का जीवन सरल, सहज था। गुरुणीमैया प्रत्येक व्यक्ति के साथ बड़ी मधुर वाणी के साथ बात करती थी। गुरुणीमैया के प्रेम स्नेह दुलार को भूल पाना नामुमकिन है। साध्वी परिज्ञाश्रीजी ने स्तवन के माध्यम से गुरुणी के गुणों को याद किया। वैरागन अर्चना और वैरागन पायल ने अपने भावों की प्रस्तुति दी। संघ के अध्यक्ष नेमीचंद सालेचा ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर शहर के विभिन्न उपनगरों से श्रद्धालु उपस्थित थे। सहमंत्री विनोद भुरट ने संघ की सूचनाएं प्रदान की।



# गुजराती समाज ने बेंगलूरु में मनाया पहला पतंगोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां शहर के इलेक्ट्रॉनिक सिटी स्थित रेड ब्रिगेड इंटरनेशनल स्कूल के मैदान पर आज रविवार को मकर सक्रांति के पावन पर्व पर बेंगलूरु में निवासित गुजराती लोगों द्वारा काइट फेस्टिवल 2024 का भव्य आयोजन किया गया। आयोजक मौली व्यास ने बताया कि पतंगोत्सव का शुभारंभ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षाबल इलेट्रॉनिक सिटी के सहायक कमांडेंट अभिषेक इंगले ने पतंग उड़ाकर किया।

हार्दिक ठक्कर ने बताया कि यह बेंगलूरु का पहला सबसे बड़ा पतंगोत्सव है जहाँ करीब एक हजार लोग जिसमें बच्चे, लड़के-लड़कियां, पुरुष एवं महिलाओं आदि ने भाग लिया।

सभी का जोश पतंग उड़ाने में देखने लायक था। सभी ने पारंपरिक रंग-बिरंगे गुजराती परिधान पहने कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। कार्यक्रम स्थल पर अल्पाहार एवं भोजन की भी सम्पूर्ण व्यवस्था थी। पतंगोत्सव में सैकड़ों गुजराती लोगों ने भाग लिया। आयोजन मंडल के हार्दिक ठक्कर ने बताया कि अगले वर्ष इससे भी भव्य आयोजन रखेंगे तथा अब हर वर्ष मनाने की योजना है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## सेवा कार्य

तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर ने सेवा के अंतर्गत मकर संक्रांति मे मौके पर राजराजेश्वरी नगर स्थित सांत्वना सेवा ओल्ड एज होम में दैनिक उपयोगी राशन सामग्री, तेल, दाल, चावल, आटा भेंट किया। परिषद के अध्यक्ष कमलेश गन्ना एवं परिषद के युवा साथियों ने वृद्धाश्रम में वृद्धों के साथ समय व्यतीत किया और उनके स्वास्थ्य की कुशल क्षेम पूछ कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com